* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 147

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










## चुनाव आयोग ने किया लोकसभा 2024 के चुनाव का एलान

# झारखंड में चार चरणों में 14 लोस सीटों पर मतदान

- 13 मई को चार सीट, 20 को तीन सीट, 25 मई को चार सीट और 1 जून को तीन सीटों पर मतदाता डालेंगे वोट

- देश में सात चरणों में होगा मतदान कार्य पूरा होगा
- 19 अप्रैल से शुरू होगा और 01 जून को खत्म होगा मतदान
- सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना 4 जून को होगी
- चुनावी घोषणा के साथ देश में आचार संहिता लागू

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 का एलान कर दिया है। देश में सात चरणों में चुनाव होंगे। पहला चरण का मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा और आखिरी यानी सातवां चरण 01 जून को समाप्त होगा। वहीं, झारखंड में चार चरणों में चुनाव होंगे। राज्य में पहले तीन चरणों में किसी लोकसभा सीट पर चुनाव नहीं है। झारखंड में चौथे चरण यानी 13 मई से मतदान शुरू होगा और आखिरी सातवें चरण तक के बीच 14 सीटों पर अलग-अलग तारीख में लोग वोट डाल सकेंगे। पूरे देश में एक साथ मतगणना 4 जून को होगी। चुनावी घोषणा के साथ ही देश में आचार संहिता लागू हो गयी है।

चुनाव आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार झारखंड में चौथे चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में मतदान होगा। पांचवें चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में मतदान होगा। छठे चरण में 25 मई को गिरीडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में लोग वोट डाल सकेंगे। वहीं, आखिरी सातवें चरण में 01 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभाक्षेत्र के लोग मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। गौरतलब है कि पिछले सोकसभा चुनाव 2019 में भी झारखंड में चार फेज में वोटिंग हुई थी।

**देश में 43 दिन में 543 सीटों पर होंगे मतदान:** देश में 543 सीटों के लिए चुनाव सात फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। यानी 43 दिन में अलग-अलग राज्यों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होगी। इसके तीन दिन बाद 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि चुनाव के शेड्यूल में सीटों की संख्या 543 से बढ़ कर 544 हो गयी है। इसकी वजह मणिपुर की आउटर मणिपुर लोकसभा सीट है। इस लोकसभा सीट में 28 विधानसभा सीटें है। 15 विधानसभा सीटों में 19 अप्रैल को और 13 विधानसभा सीटों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।




| चरण | लोकसभा सीट | मतदान |
|---|---|---|
| 4 | सिंहभूम, खूंटी, लोहदरगा, पलामू | 13 मई |
| 5 | चतरा, कोडरमा, हजारीबाग | 20 मई |
| 6 | गिरीडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर | 25 मई |
| 7 | राजमहल, दुमका, गोड्डा | 1 जून |
| मतगणना (सभी जगहों की) | | 04 जून |

### अब उम्मीदवार को लेकर राजनीतिक दल होंगे रेस

एक तरफ चुनाव की तारीख का एलान हो गया है, तो दूसरी तरफ आइएनडीआइए गठबंधन में सीट बंटवारे और उम्मीदवार को लेकर अभी तक तस्वीर साफ नहीं है। सूत्र बताते हैं कि झामुमो छह, कांग्रेस 6 और दो सीट अन्य के खाते में जा सकती है। उधर, भाजपा ने अब तक 11 सीटों पर उम्मीदवार का एलान कर दिया है। तीन सीट धनबाद, गिरिडीह और चतरा सीट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गयी है। हालांकि गिरिडीह सीट एनडीए गठबंधन के तहत आजसू के हिस्से में है। भाजपा को दो सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा करनी है।

### राज्य में 2.53 करोड़ मतदाता

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीख में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा है। झारखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 है। एक साल में मतदाताओं की संख्या में 3.49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। झारखंड में 2019 के लोकसभा चुनाव में नक्सल बड़ी समस्या थी, अब राज्य में कोल्हान के इलाके में नक्सलियों का प्रभाव बढ़ा है। बोकारो बूढ़ा पहाड़ जो नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, वह अब नक्सल मुक्त है। हजारीबाग में हाल में हुए नक्सली हमले, जिसमें सड़क निर्माण में लगे कई वाहनों में आग लगा दी गयी, नक्सलियों की उपस्थिति को जाहिर करते हैं। इसके साथ ही लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, सरायकेला-खरसांवा, बोकारो, गिरिडीह, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, चतरा, गुमला और रांची के ज्यादातर इलाके संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। लोकसभा चुनाव के एलान में राज्य में इसका खास ध्यान रखा गया है कि कौन से इलाके नक्सल प्रभावित हैं। कौन संवेदनशील क्षेत्र हैं और कौन अतिसंवेदनशील इलाके हैं।

## चार राज्यों में विधानसभा चुनावों का एलान




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्रप्रदेश, ओड़िशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक फेज में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आंध्रप्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओड़िशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोट डाले जायेंगे। सभी राज्यों में काउंटिंग लोकसभा चुनावों की काउंटिंग के साथ 4 जून को होगी।

## झारखंड में गांडेय सीट पर 20 मई को उपचुनाव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के साथ झारखंड की गांडेय सीट पर उप चुनाव भी होगा। पांचवें फेज 20 मई की वोटिंग के दौरान गांडेय में उपचुनाव के लिए वोट डाले जायेंगे।

यहां से झामुमो विधायक सरफराज अहमद विधायक थे। उन्होंने 30 दिसंबर को इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से गांडेय सीट खाली है। सरफराज अहमद राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

### अन्य राज्यों में भी उपचुनाव की घोषणा

इनके अलावा गुजरात की पांच, उत्तरप्रदेश की चार, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होंगे। यहां उस क्षेत्र में होनेवाले लोकसभा चुनाव के साथ ही अधिसूचना जारी होगी और उस दिन मतादाता लोकसभा के साथ विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के लिए भी मतदान कर सकेंगे।




| चरण | अधिसूचना | नामांकन | जांच | नाम वापसी | मतदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 मार्च | 27 मार्च | 28 मार्च | 30 मार्च | 19 अप्रैल |
| 2 | 28 मार्च | 04 अप्रैल | 05 अप्रैल | 08 अप्रैल | 26 अप्रैल |
| 3 | 12 अप्रैल | 19 अप्रैल | 20 अप्रैल | 22 अप्रैल | 7 मई |
| 4 | 18 अप्रैल | 25 अप्रैल | 26 अप्रैल | 29 अप्रैल | 13 मई |
| 5 | 26 अप्रैल | 03 मई | 04 मई | 06 मई | 20 मई |
| 6 | 29 अप्रैल | 06 मई | 07 मई | 09 मई | 25 मई |
| 7 | 07 मई | 14 मई | 15 मई | 17 मई | 01 जून |

मतगणना (सभी जगहों की)-04 जून




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# बाबूलाल-हेमंत का राजनीतिक भविष्य तय करेगा 2024 का चुनाव

## ■ आम चुनाव के परिणाम से ही मिल जायेगा विधानसभा चुनाव का संकेत

## ■ मिलेगा जवाब-दोनों नेताओं में कौन है आदिवासियों का बड़ा हितैषी

**देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में होनेवाला यह सबसे बड़ा लोकतांत्रिक आयोजन कई मायनों में अनूठा होगा। करीब डेढ़ महीने तक चलनेवाली इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान देश के 543 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होगा, जिनमें झारखंड की 14 संसदीय सीटें भी शामिल हैं। खनिज संपदाओं से भरपूर और राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील इस राज्य में इस बार करीब 2.54 करोड़ मतदाता लोकसभा के लिए अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। लेकिन झारखंड के ये मतदाता अपने सांसद चुनने के साथ प्रदेश के दो सबसे बड़ी राजनीतिक शख्सियतों, बाबूलाल मरांडी और हेमंत सोरेन का राजनीतिक भविष्य भी तय करेंगे। इस चुनाव में इस सवाल का जवाब भी मिल जायेगा कि इन दोनों नेताओं में से आदिवासियों का बड़ा हितैषी कौन है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के परिणाम से ही छह महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनावों का रुझान भी मिल सकेगा। इस लिहाज से झारखंड के लिए लोकसभा चुनाव का खास महत्व है और विशेष रूप से बाबूलाल मरांडी और हेमंत सोरेन के लिए, जो दो परस्पर विपरीत राजनीतिक विचारधाराओं का नेतृत्व कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी जहां झारखंड में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा की कमान संभाल रहे हैं, वहीं हेमंत सोरेन राज्य के सबसे ताकतवर क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों नेताओं की परिस्थितियों में एक ही अंतर है और वह यह कि हेमंत अभी जेल में बंद हैं, जबकि बाबूलाल राज्य का दौरा कर रहे हैं। इस तरह झारखंड के लिए आनेवाले ढाई महीने बेहद महत्वपूर्ण साबित होनेवाले हैं। क्या है बाबूलाल मरांडी और हेमंत सोरेन के सामने चुनौती और क्या हो सकता है झारखंड में चुनावी परिदृश्य, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश भर में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। अगले ढाई महीने तक दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरा कराने में व्यस्त रहेगा। देश के कुल 96.88 करोड़ मतदाता अपनी सर्वोच्च पंचायत, यानी संसद के निचले सदन लोकसभा के लिए 543 प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। इसमें झारखंड के 2.54 करोड़ मतदाता भी शामिल हैं, जो अपने 14 प्रतिनिधियों को अगले पांच साल के लिए लोकसभा में अपनी नुमाइंदगी करने का आदेश देंगे। 4 जून को चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ तय हो जायेगा कि देश पर अगले पांच साल किसका शासन रहेगा। इसके साथ ही कई राजनीतिक हस्तियों का भविष्य भी तय होगा।

जहां तक झारखंड का सवाल है, तो यह आम चुनाव राज्य के लिए खास है। खास इसलिए, क्योंकि इस साल के अंत में यहां विधानसभा का चुनाव भी होगा। इसके अलावा यह चुनाव राज्य के दो प्रमुख राजनीतिक दिग्गजों हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक भविष्य के लिए निर्णायक साबित होने जा रहा है। हेमंत सोरेन जहां राज्य के सबसे ताकतवर क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हैं, वहीं बाबूलाल मरांडी के हाथों में प्रदेश भाजपा की कमान है। इस चुनाव में इस सवाल का भी जवाब मिलने की उम्मीद है कि भाजपा ने झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को राज्य में खोयी हुई सत्ता लौटाने की जंग का सेनापतित्व जिस भरोसे के साथ सौंपा है, उस पर वह कितने खरे उतर पाते हैं और उनका आगे का राजनीतिक करियर क्या होगा।



### हेमंत सोरेन अब भी हैं सियासी धुरी

सबसे पहले बात करते हैं हेमंत सोरेन की। करीब चार साल तक झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर रह चुके हेमंत सोरेन आज भले ही जेल में हैं, लेकिन वह आज की तारीख में झारखंड में गैर-भाजपाई राजनीति की सबसे बड़ी धुरी तो हैं ही, आदिवासियों के बीच दमदार नेता के रूप में भी स्थापित हैं। अपने पिता और आदिवासियों के बीच 'दिशोम गुरु' यानी देश के गुरु के रूप में प्रतिष्ठित शिबू सोरेन की सियासी विरासत को हेमंत सोरेन ने पिछले दस वर्षों में एक नयी चमक दी है। 2019 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य की 82 सदस्यीय विधानसभा में 30 सीटें हासिल की थी और सहयोगी दलों के साथ मिल कर सरकार बनायी थी। यह झारखंड में स्पष्ट बहुमत की पहली गैर-भाजपा सरकार थी। इस सरकार ने कई झंझावातों के बीच बीते 29 दिसंबर को चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया, लेकिन पांचवें साल की शुरुआत के साथ ही उन्हें कानूनी पचड़ों में फंसने और अंततः इडी द्वारा गिरफ्तार कर लिये जाने की स्थिति का सामना करना पड़ा। हेमंत फिलहाल जेल में हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह कि हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी और जेल में बंद रहने के बावजूद हिम्मत बनाये हुए हैं। जेल जाने से पहले वह सार्वजनिक तौर पर कई बार कह चुके थे कि विपक्षी पार्टियां मुझे जेल भिजवाने और हमारी सरकार को गिराने की साजिश शुरू से रच रही हैं। लेकिन जेल का भय दिखा कर मुझ जैसे झारखंडी को कोई झुका नहीं सकता। मैं किसी चुनौती से घबराने वाला नहीं। दरअसल, सोरेन जानते हैं कि जेल के भीतर रहने के बावजूद उनकी सियासी सेहत पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा है। उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को अपना प्रतिनिधि बनाया है, जो पूरे झारखंड में उनकी आवाज बन रही हैं। हेमंत खुद को आदिवासियों और पार्टी के कोर वोटरों के बीच विक्टिम के तौर पर पेश कर अपने पक्ष में सहानुभूति की एक लहर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन ने आदिवासियों-मूलवासियों को साधने के लिए लगातार कई फैसले लिये। 1932 के खतियान पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी का बिल विधानसभा से दुबारा पारित कराने, राज्य में तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में झारखंड के डोमिसाइल के लिए शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव, निजी कंपनियों में 40 हजार तक तनख्वाह वाली नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75 फीसदी आरक्षण, बोकारो के लुगुबुरू स्थित संथाल आदिवासियों के सबसे बड़े तीर्थस्थल पर डीवीसी के पावर प्लांट प्रोजेक्ट को न लगने देने का संकल्प, विधानसभा से सरना आदिवासी धर्म कोड बिल पारित कराने, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को अवधि विस्तार न देने जैसे फैसलों का हवाला देकर उन्होंने खुद को सबसे बड़ा आदिवासी-मूलवासी हितैषी के तौर पर प्रचारित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। लेकिन इन तमाम बातों के बावजूद हेमंत सोरेन के लिए आगे का रास्ता कतई आसान नहीं है। भाजपा खनन घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला, धीरज साहू कैश स्कैंडल सहित भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य मामलों, संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ और बेरोजगारों से जुड़े मुद्दों को लेकर उनकी लगातार घेराबंदी कर रही है। इसके अलावा केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य के आदिवासी वोटरों को लुभाने के लिए लगातार कई योजनाएं लांच की हैं। केंद्र के जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा भी राज्य के आदिवासियों से जुड़े मुद्दों को लगातार हल करने की कोशिश कर रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि खूंटी आकर आदिवासी समुदाय से संवाद का बड़ा कार्यक्रम कर चुके हैं।

### बाबूलाल मरांडी की राह भी आसान नहीं

अब बात झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की। भाजपा ने हेमंत सोरेन के मुकाबले के लिए राज्य में बाबूलाल मरांडी को सबसे बड़े आदिवासी चेहरे के तौर पर पेश किया है। 2024 की चुनावी रणनीति के मद्देनजर उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गयी है। 2006 में उन्होंने भाजपा से अपनी राहें जुदा कर अलग पार्टी बना ली थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा ने झारखंड की सत्ता गंवा दी और बाबूलाल मरांडी की पार्टी भी सिमट गयी, तो दोनों को एक-दूसरे की जरूरत महसूस हुई। बाबूलाल मरांडी की पार्टी का विलय भाजपा में हो गया और इसके एवज में भाजपा ने उन्हें राज्य में नेतृत्व का सबसे बड़ा चेहरा बना दिया। वह राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कुशल संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में उनकी पहचान होती रही है। झारखंड के पहले सीएम के तौर पर उनकी छवि विकास पुरुष के तौर पर बनी थी, लेकिन 2003 में सीएम की कुर्सी से उनके हटने के बाद राज्य की राजनीति कई करवटें ले चुकी हैं। ऐसे में अब 2024 में यह देखना दिलचस्प होगा कि बाबूलाल में पुराना करिश्मा बाकी है या नहीं। राज्य में लोकसभा की 14 में से 12 सीटों पर फिलहाल एनडीए का कब्जा है। इस बार पार्टी ने सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। बाबूलाल की अगुवाई में भाजपा अगर लोकसभा चुनाव में यह लक्ष्य हासिल कर पाती है, तो मुमकिन है कि विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा की ओर से सीएम के चेहरे के तौर पर पेश किया जाये। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल को राज्य में पार्टी को अपने तरीके से चलाने के लिए बिल्कुल फ्री हैंड दिया है। पार्टी के भीतर उन्हें गुटीय गोलंबदी जैसी आंतरिक चुनौती से न जूझना पड़े, इसके लिए भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम रघुवर दास को राज्यपाल बना कर ओड़िशा शिफ्ट कर दिया गया, तो दूसरी तरफ अर्जुन मुंडा की केंद्रीय मंत्रिमंडल में अहमियत बढ़ा दी गयी। वह पहले से जनजातीय मामलों के मंत्री थे। अब उन्हें कृषि मंत्रालय भी सौंप दिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद पिछले दिनों राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों का क्रमवार दौरा किया और जनसभाएं कीं। वह हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर लगातार हमलावर हैं। ऐसे में 2024 के लोकसभा और उसके बाद झारखंड विधानसभा चुनाव में उनके सामने खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती है। अगर वह भाजपा की उम्मीदों पर खरे उतर पाये और पार्टी को चुनावों में मनोनुकूल परिणाम मिले, तो सियासत में आनेवाले वर्षों में उनका कद और ऊंचा होगा। इसके विपरीत अगर झारखंड में भाजपा अपने चुनावी लक्ष्यों के संधान में सफल नहीं रही तो मरांडी के आगे के सियासी करियर पर सवालिया निशान लगना तय है।

---

# जेल में बंद हेमंत को गरीब, असहाय कैदियों की चिंता

**कल्पना सोरेन ने बतायी पूर्व मुख्यमंत्री की चिंता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले डेढ़ महीने से जमीन घोटाले को लेकर जेल में बंद हैं। इस दौरान वह जेल में बंद कैदियों और वहां तैनात महिला सिपाहियों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने उनकी सहूलियतों को लेकर सरकार से अनुरोध भी किया है। जेल में रहने के दौरान हेमंत सोरेन की चिंताओं को लेकर कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि हेमंत जी को अन्यायपूर्ण कारावास में रहते हुए 45 दिन से अधिक हो गये हैं।

सप्ताह में एक दिन मात्र कुछ समय के लिए उनसे मिलना हो पाता है। बाबा और मां के स्वास्थ्य को लेकर वह चिंतित रहते हैं। वह राज्य की जानकारी लेने के साथ-साथ बच्चों के बारे में भी पूछते हैं। राज्यवासियों के प्रति हेमंत जी का प्रेम और समर्पण ही मुझे शक्ति देता रहता है। इस अन्यायपूर्ण कारावास में भी वह मुस्कुरा कर कहते हैं कि तुम एक मां हो, सब संभाल लोगी।

हर सप्ताह मिलने के क्रम में वह जेल में बंद गरीब और असहाय कैदियों की समस्याओं के बारे में बताते रहते हैं। उन्हें कैसे न्याय मिले, सोचते हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही हेमंत जी ने महिला सिपाहियों की सहूलियत को लेकर सरकार तक अनुरोध भी पहुंचाया है। झारखंड समेत देश के जेलों में बंद कैदियों की संख्या में सबसे ज्यादा आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। अधिकांश मामलों में वंचित समाज के लोग मामूली अपराधों में, तो कई बार सिर्फ जमानत की छोटी से छोटी राशि ना भर पाने की असमर्थता के कारण जेल में रहने को मजबूर रहते हैं। मुझे याद है खुद मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत जी ने कुछ ऐसे कैदियों को रिहा करने हेतु निर्देश भी दिया था।

आज हाथी उड़ाने वाले लोग सिर्फ पूंजीपतियों द्वारा दिये इलेक्टोरल बांड और अन्य चंदों की मदद से लोकतंत्र की हत्या की साजिश रचने में व्यस्त हैं। इन्हें आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग से कोई मतलब नहीं।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हिंदुओं का स्वाभिमान जगा

**देवघर में विहिप कार्यसमिति की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददात**



**देवघर।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यसमिति की तीन दिवसीय बैठक में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि विहिप के 60 वर्ष पूर्ण होने पर सभी जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर समिति गठन कर लिया जायेगा। कहा कि देश में सीएए लागू किया गया, जो स्वागतयोग्य है। भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हिंदुओं का स्वाभिमान जगा है। आज सनातन परंपरा विश्व को शांति का संदेश देकर विश्व के अनेक देशों के लोगों के मन में अपना स्थान बनाया है। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने छह माह के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विहिप के देवघर जिलाध्यक्ष डॉ राजीव पांडेय ने पवित्र भूमि देवघर के आराध्य स्थलों के परिचय कराया।

प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि जिहाद और धर्मांतरण झारखंड का बड़ा चिंतनीय विषय है। इसका स्थायी समाधान समाज सेवा, शिक्षा के साथ संस्कार दृढ़ीकरण की गति देकर किया जा सकता है। कहा कि हलाल इकोनॉमी के द्वारा देश के करोड़ों हिंदुओं को हल प्रमाण पत्र देने के नाम पर वसूली हो रही है, जिस पैसे का उपयोग देश के अंदर जिहाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने में खर्च किया जा रहा है।

प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, स्वामी अचिंत्य चैतन्य, आनंद पांडेय, डॉ बीरेंद्र साहू, तिलक राज मंगलम, गंगा प्रसाद यादव, सुभाष नेत्रगवांकर, मनोज पोद्दार, रामनरेश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# एक आइपीएस, चार डीएसपी का तबादला

**रांची ट्रैफिक एसपी को ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक आइपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया गया है। इससे संबंधित आदेश झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है। रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

डीएसपी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित बैजू उरांव को पलामू डीआइजी ऑफिस में पदस्थापित किया गया।

मुख्यालय डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को सिमडेगा डीएसपी बनाया गया है।

साहिबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित बहामन टूटी को डीएसपी आइआरबी 9 गिरिडीह बनाया गया और आइआरबी 9 डीएसपी के पद पर पदस्थापित किशोर तिर्की को डीएसपी साहिबगंज के पद पदस्थापित किया गया।

# सुनील यादव की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपित सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गयी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ता की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं, वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। सुनील यादव की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा।

# कोयला, बालू और दारू की अवैध कमाई का निवेश कहां हुआ: भाजपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज में पिछले चार साल से लूट की खुली छूट**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिनय कुमार सिंह ने कहा कि साहिबगंज में पत्थर, धनबाद में कोयले, पूरे प्रदेश में दारू-बालू, और व्यापारियों- आम लोगों से अपराधियों द्वारा वसूली, और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के माध्यम से अधिकारियों द्वारा प्रदेश में पिछले चार वर्षों में अरबों-खरबों के लूट को अंजाम दिया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह पैसा गया कहां और इसका निवेश कहां हुआ। जानकारी हैरान करने वाली है, कैश पैसे की वसूली इतनी ज्यादा थी कि कई जिलों में पैसे अधिकारियों ने अपने सरकारी अंगरक्षकों और नौकरों में बांट दिये। बहुत बड़ा पैसा पुलिस की सुरक्षा में लगातार सड़क मार्ग से मुंबई, कोलकाता और दिल्ली भी भेजा गया। एक बड़ा हिस्सा हवाला के माध्यम से दुबई, इंग्लैंड सहित कई देशों में ट्रांसफर किया गया। इन सबमें धनबाद, रांची, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई के कई चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और व्यापारियों का भी सहयोग लिया गया। इस लूट के एक बड़े हिस्से का निवेश झारखंड और अन्य प्रदेश के व्यापारियों में भी किया गया। कहा कि आज धनबाद सहित दूसरे राज्यों में कई ठिकानों पर इडी ने एक बालू कारोबारी के यहां रेड किया है। इस व्यापारी के मामले में पहले भी एजेंसी ने धनबाद के शर्मा नामक एक बिल्डर को भी समन किया था। इसी बिल्डर को झारखंड दारू घोटाले के मामले में भी समन किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बिल्डर के यहां धनबाद में कोयले की लूट और प्रिंस खान नेटवर्क का बड़ा पैसा निवेश किया गया है।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए: धर्मेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि इडी की कार्रवाई से पता चलता है कि जनप्रतिनिधि कितने भ्रष्ट हैं। अभी विधायक अंबा प्रसाद के मामले में इडी की कार्रवाई अधूरी लगती है। एक तरफ जनप्रतिनिधि द्वारा कोयले, बालू की तस्करी में संलिप्तता के साक्ष्य मिलते हैं। साथ ही सैकड़ों एकड़ जमीन की हेराफेरी सरकारी तंत्र से मिलकर की गयी है। इसके भी साक्ष्य मिले हैं। ऐसा इडी की टीम बताती है। यदि विधायक ऐसा करेंगे, तो आम जनता किसके पास जायेगी। श्री तिवारी ने कहा कि सरकार को जवाब देना होगा। किसी भी राजनीतिक दल के लोग हो, जांच सबकी होनी चाहिए। भ्रष्टाचार में जो भी संलिप्त है, उनको दंडित करना चाहिए। दोबारा चुनाव नहीं लड़े, ऐसी व्यवस्था सरकार को संविधान में संशोधन कर करना चाहिए।

www.epaper.azadsipahi.in

17 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 147

एनटीपीसी ने 400 बीयू उत्पादन का आंकड़ा पार किया




### मुख्यमंत्री ने बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला

# बेहतर शिक्षा आपके भविष्य की दिशा तय करती है: चंपाई सोरेन

**मुख्यमंत्री ने 2 अरब, 31 करोड़ रुपये की 135 योजनाओं का शिलान्यास किया**

**1 अरब 7 करोड़ रुपये की 27 योजनाओं का किया उद्घाटन, लाभुकों के बीच करीब 173 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य बनता है। शिक्षा एक ऐसा जरिया है जो आपके भविष्य की दिशा तय करता है। व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है। यही वजह है कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को चाइबासा के टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। चंपाई सोरेन ने कहा कि अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है, जहां आप अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में बच्चों को प्राइमरी से लेकर कॉलेज तक की बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**बच्चों को मिलेगी मातृभाषा में शिक्षा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास करी है। इस कड़ी में अब प्राथमिक विद्यालयों से कुड़ुख, हो, मुंडारी और संथाली जैसी जैसी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दे दिये गये हैं। हमारी सरकार जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को संरक्षित करने के साथ उसे अलग पहचान देने की दिशा में काम कर रही है।

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गयी है। यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। गरीब बच्चों को अपने ही गांव-घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गये हैं। आर्थिक तंगी की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। छात्राओं को सावित्रीबाई किशोरी सावित्री योजना से जोड़ा जा रहा है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के जरियेए विद्यार्थियों को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए 15 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। यहां के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार दे रही है।

**भाषा-संस्कृति, परंपरा और अस्मिता को बचायेंगे:** चंपाई सोरेन ने कहा कि जनजातीय भाषा- संस्कृति परंपरा, जल-जंगल जमीन, सामाजिक-धार्मिक स्थलों और आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार इसके साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी। ये हमारी धरोहर है। इसे देश-दुनिया में अलग पहचान दिलायेंगे।

आपकी जरूरत के अनुरूप योजनाएं बन रही हैं:

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके दुःख-दर्द को भली-भांति समझते हैं। ऐसे में आपकी उम्मीद और जरूरत के अनुरूप योजनाएं बनाकर उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के रोटी- कपड़ा और मकान जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किलोमीटर सड़कों का जाल बिछ रहा है। खेतों में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गयी है। आज हर परिवार में पेंशन पहुंच रहा है। 30 लाख परिवारों को 125 यूनिट बिजली का लाभ मिल रहा है। 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास के तहत तीन कमरे का पक्का मकान दे रहे हैं। ऐसी और अनेकों योजनाएं हैं, जो आपको सशक्त बनाने के लिए शुरू की गयी है।

**विकास को दे रहे नया आयाम:** चंपाई ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद 19 वर्षों तक यहां के विकास की किसी को चिंता नहीं रही। यहां के खनिज संसाधनों का दोहन होता रहा। आदिवासी- मूलवासी के हितों की अनदेखी होती रही। लेकिन, वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद हेमंत सोरेन ने अपने कुशल नेतृत्व से राज्य के विकास को नयी दिशा दी। आज हमारी सरकार उसी रास्ते आगे बढ़कर विकास को एक नया आयाम दे रही है।

**162 योजनाओं की मिली सौगात:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 2 अरब, 31 करोड़, 19 लाख 58 हजार 673 रुपये की लागत से 135 योजनाओं का शिलान्यास और 1 अरब 7 करोड 23 लाख 24 हजार 186 रुपये की 27 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, लाभुकों के बीच 1 अरब 72 करोड़ 80 लाख 70 हजार 533 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक जोबा मांझी, सुखराम उरांव और दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव : चंपाई सोरेन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन पूरी तरह से तैयार है। सभी सीटों पर गठबंधन जीतेगा। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। एक-दो दिन में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जायेगी। सीएम शनिवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर सीएम ने कहा, जिसके मन में भय होता है वह निकल कर सामने आ जाता है और यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है। राहुल की रैली में शामिल होने के सवाल पर कहा कि हम कल बतायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हमारा परिवार नाम से एक गीत लॉन्च किया है, इस पर चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में अलग-अलग समुदाय, अलग-अलग भाषा और संस्कृति है, उसे छुपाने के लिए इस तरह की बात की जा रही है, जो लोगों के समझ से परे है।

रजिस्ट्री सं० डी एल०–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.–07032024–252637
CG-DL-E-07032024-252637
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 981] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 5, 2024/फाल्गुन 15, 1945
No. 981] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 5, 2024/PHALGUNA 15, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 मार्च, 2024

**का.आ. 1026 (अ).** – केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 3934 तारीख 04.09.2023, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात मामरखा, रामपुर अंचल हरिहरगंज, मड़वा, घांसीखाप अंचल पिपरा, कउवल, चौखड़ा बंधुडीह, करमा कला, छतरपुर एवं मसिहानी अंचल छतरपुर, NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख '02.02.2024' को 'आजाद सिपाही' और 'टाइम्स ऑफ इंडिया' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH98 के अंतर्गत कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात अंचल हरिहरगंज अंतर्गत मामरखा, रामपुर, मड़वा, घांसीखाप, पिपरा अंचल अंतर्गत कउवल, चौखड़ा बंधुडीह, करमा कला, एवं छतरपुर अंचल अंतर्गत छतरपुर एवं मसिहानी, जिला – पलामू, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण

जिला : पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 05.03.2024

[फा.सं.:11015/5PD/DHN/LA/NH98/2861/3D]
अभय जैन, उप सचिव

https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=53633&file_id=26393
https://egazette.gov.in/(S(ezhmjsxj0dfwvpitewordolq))/ViewPDF.aspx

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला शस्त्र शाखा)

-:: आदेश ::-

आगामी लोक सभा चुनाव–2024 स्वच्छ शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से कराने हेतु शस्त्र नियमावली–1962 के नियम–63 के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति में धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने का निदेश दिया जाता है। सभी शस्त्रधारी भौतिक रूप से अपने–अपने अग्नेयाशास्त्रों को सम्बन्धित थानों के सामने अंकित तिथि पर सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। सम्बन्धित थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ०पी० क्षेत्र के अनुज्ञप्तिधारियों को इसकी सूचना चौकीदारों के माध्यम से देंगे।

निम्नांकित पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित थाना/ओ०पी० एवं तिथि में सभी प्रकार के शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उनपर धारित शस्त्रों के भौतिक सत्यापन करने हेतु दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत कर प्रतिनियुक्त किया जाता है।

सम्बन्धित थाना/ओ०पी० क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ०पी० क्षेत्रान्तर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों/अनुज्ञप्तियों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र० | दण्डाधिकारी का नाम | थाना क्षेत्र | शस्त्र निरीक्षण करने का स्थान | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अंचल अधिकारी, रामगढ़ | रामगढ़ थाना | रामगढ़ थाना परिसर | 18.03.2024 से 23.03.2024 तक |
| 2 | अंचल अधिकारी, माण्डू | माण्डू थाना | माण्डू थाना परिसर | 18.03.2024 से 19.03.2024 तक |
| | | कुजू ओ०पी० | कुजू ओ०पी० परिसर | 20.03.2024 से 21.03.2024 तक |
| | | वेस्ट बोकारो ओ०पी० | वेस्ट बोकारो ओ०पी० परिसर | 22.03.2024 से 23.03.2024 तक |
| 3 | अंचल अधिकारी, गोला | गोला थाना | गोला थाना परिसर | 18.03.2024 से 20.03.2024 तक |
| | | बरलंगा ओ०पी० | बरलंगा ओ०पी० परिसर | 21.03.2024 से 23.03.2024 तक |
| 4 | अंचल अधिकारी, चितरपुर | रजरप्पा ओ०पी | रजरप्पा थाना परिसर | 18.03.2024 से 23.03.2024 तक |
| 5 | अंचल अधिकारी, पतरातू | पतरातू थाना | पतरातू थाना परिसर | 18.03.2024 से 19.03.2024 तक |
| | | बासत ओ०पी० | बासत ओ०पी० परिसर | 20.03.2024 से 21.03.2024 तक |
| | | भदानीनगर ओ०पी० | भदानीनगर ओ०पी० परिसर | 22.03.2024 से 23.03.2024 तक |
| | | बरकाकाना ओ०पी० | बरकाकाना ओ०पी० परिसर | 26.03.2024 से 27.03.2024 तक |

शस्त्र अनुज्ञप्तियों एवं उनपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र नियमावली के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि शस्त्र अनुज्ञप्ति का सत्यापन प्रतिवेदन निम्नांकित विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ दिनांक– 28.03.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

शस्त्र सत्यापन सम्बन्धी प्रतिवेदन का प्रपत्र

| क्र० | अनुज्ञप्तिधारी का नाम | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार | शस्त्र संख्या | कब से कब तक नवीकृत है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

ह०/–
उपायुक्त –सह–
जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़

PR 323009 District (23-24)_D

### चंपाई कैबिनेट ने 53 प्रस्तवों को दी मंजूरी

# 37 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क बैग

**निर्वाचन आयुक्त का एक साल बढ़ा कार्यकाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब निःशुल्क बैग मिलेगा। इसका लाभ क्लास एक से आठ तक के 37 लाख बच्चों को मिलेगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से यह लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। यह फैसला शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षा में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। इसके अलावा 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है।

**बैग पर 57.06 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार:** कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य सरकार ने निःशुल्क बैग के लिए 57.06 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। क्लास एक और दो के बच्चों के लिए प्रति बैग 140 रुपये, क्लास तीन से पांच के बच्चों के लिए 150 रुपये और क्लास छह से आठ तक के बच्चों के बैग के लिए 160 रुपये खर्चे किये जायेंगे। वहीं, राज्य सरकार ने झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2024 में संशोधित किया है। संसोधन के बाद निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा 64 वर्ष के बढ़ाकर 65 वर्ष किया गया है। वहीं निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल 3 वर्ष की जगह 4 वर्ष होगी।

**मिलेगा ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ:** अल्पसंख्यक और गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। इसका लाभ 836 गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूलों और 144 माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को होगा। कैबिनेट ने राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन के लिए एक बार फिर झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही गरीबों को हर तिमाही गैस रिफिलिंग की सुविधा देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत राज्य के अधीन जनजाति क्षेत्रों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भी खोले जायेंगे।

**कई सड़क-पुल योजनाओं की स्वीकृति:** कैबिनेट की बैठक में कई सड़कों और पुलिस निर्माण योजनाओं को भी स्वीकृति दी गयी है। इसमें गोला को मुरी को जोड़ने वाली सड़क को फोर लेन किया जाएगा। सरकार इसके लिए 333 करोड़ रुपये खर्च करेगी। नक्सल मुक्त हो चुके बुढ़ा पहाड़ इलाके में विकास की रफ्तार तेज करने को लेकर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कें बनायी जायेगी।

## इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- राजनगर अंचल में 5 एकड़ जमीन रूंगटा माइंस को लीज पर दिया गया
- गोड्डा के पोड़ैयाहाट पथ को मंजूरी
- आम चुनाव में लगे पदाधिकारी को देय पारिश्रमिक की मंजूरी
- सर्ड का नाम का बदला गया, राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग करने की मंजूरी
- महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन योजना को मंजूरी
- जल जीवन मिशन के तहत पांचा गांव के लिए 5 करोड़ की मंजूरी
- पांकी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 53 करोड़ की मंजूरी
- साहेबगंज मेगा जलापूर्ति योजना के लिए 2 अरब की मंजूरी
- देवीपुर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 37 करोड़ की मंजूरी
- उत्तम आनंद की पत्नी को मिली अनुकंपा पर नौकरी
- रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी को मिलने वाले अनुदान को 3 करोड़ प्रति वर्ष करने की मंजूरी
- जामताड़ा शहरी जलपूर्ति योजना को मंजूरी
- पकरी बारावडीह में ग्रिड सबस्टेशन के लिए 33 करोड़ की मंजूरी
- टेबू पथ के लिए 45 करोड़ की मंजूरी
- अनगड़ा में पुल के लिए 112 करोड़ की मंजूरी
- दुमका पथ के लिए 301 करोड़ की मंजूरी
- गोड्डा में सड़क के लिए 86 करोड़ की मंजूरी
- दुमका मोहनपुर पथ के लिए 77 करोड़ की मंजूरी
- मधुपुर गिरिडीह पथ के लिए 35 करोड़ की मंजूरी
- बेरमो में बायपास रोड के लिए 90 करोड़
- भुरकुंडा पतरातु में ऊपरी पुल के लिए 65 करोड़
- गढ़वा के चकला पथ के लिए 69 करोड़ की मंजूरी
- लोहरदगा अरकोसा पथ के लिए 74 करोड़ की मंजूरी
- झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन
- कोडरमा में शीत गृह के लिए 11 करोड़ की मंजूरी
- एफपीओ के लिए 50 करोड़ का अनुदान
- किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़ की मंजूरी
- पीएम फसल योजना को फिर से शुरू करने की मंजूरी
- गर्म पोषाहार को हर तीन माह (साल में चार बार) गैस रिफिलिंग की सुविधा मिलेगी।
- मिलेट उत्पादन को बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी।

## इडी समन मामले में केजरीवाल को अग्रिम जमानत

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने पेश हुए। कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को हाजिर होने से भी छूट दे दी है। इडी ने कोर्ट से कहा कि वह शराब नीति को फाइनल करने से पहले हुई बैठकों और रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल का बयान दर्ज करना चाहती है, लेकिन 8 समन भेजने के बाद भी वो हाजिर नहीं हुए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें इडी से वे दस्तावेज चाहिए, जिनके आधार पर उनसे पूछताछ होनी है। कोर्ट ने इडी को दस्तावेज देने के आदेश दिये हैं। मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को होगी।

# बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों पर इडी की छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया(धनबाद)।** कोयलांचल में शनिवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दस्तक दी। झरिया के नामी बालू कारोबारियों के ठिकानों पर इडी के अधिकारियों ने छापामारी शुरू की। इनमें बालू कारोबारी पुंज सिंह के दो ठिकानें हैं। इडी की एक टीम सुबह-सुबह अधिकारी झरिया के हेटलीबांध स्थित पुंज सिंह के आवास पर पहुंचे। वहीं, दूसरी टीम धैया स्थित कृष्णा रेजिडेंसी में छापेमारी शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला बिहार में बालू कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है। इडी की कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा है। पूंज सिंह के भाई के आवास पर भी टीम जांच कर रहीं है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई की जारी थी। सूत्रों के मुताबिक इडी के टीम को बालू घोटाले से संबंधित की अहम दस्तावेज, निवेश का कागजात आदि हाथ लगे हैं। गौरलतब है कि पुंज सिंह ब्रॉडशान कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वहीं सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह इस कंपनी के पार्टनर हैं। दोनों मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के भी पार्टनर हैं। साल 2023 में इन दोनों के ठिकानों पर भी इडी ने छापेमारी की थी। उश वक्त कई दस्तावेज इडी के हाथ लगे थे। इसाके बाद मोर मुकुट कंपनी के पार्टनर जगनारायण सिंह और उनके बेटे सतीश सिंह को इडी ने पटना से गिरफ्तार किया था। इडी बिहार में करीब 250 करोड़ रुपये के बालू घोटाले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.1 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.56 बजे |



## भाजपा के मिलन कार्यक्रम में कइयों ने ली सदस्यता

# परिवारवादी पार्टियों से लोगों का हो रहा मोह भंग : आदित्य साहू

**नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के प्रवक्ता रहे डॉ बिरसा उरांव समेत अन्य ने पार्टी का दामन थामा। मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने सभी को माला पहना कर स्वागत किया। श्री साहू ने कहा कि परिवारवादी पार्टी कांग्रेस- झामुमो से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है और बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया है।

भाजपा रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने ऑनलाइन सदस्यता नंबर 8980808080 पर सभी लोगों को ऑनलाइन सदस्यता दिलायी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।



### इनकी रही उपस्थिति

प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, अशोक बड़ाइक, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कमलेश राम, जीतनाथ बेदिया, डॉ जयप्रकाश, भुइयां, पोरेश नायक, राशानंद कुमार तांती, अशोक कुमार सहाय समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुपोषण के खिलाफ जंग

# संजय सेठ ने 2500 पोषण किट बांटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में कुपोषण के विरुद्ध कार्यक्रम का प्रथम चरण शनिवार को संपन्न हुआ। गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सांसद संजय सेठ की पहल पर गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार किट का वितरण किया गया। गेल इंडिया के सीएसआर के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के बीच 2500 से अधिक पोषाहार किट का वितरण किया गया। इस पोषाहार किट में गाय का घी, ड्राइ फ्रूट्स के लड्डू, प्रोटीन पाउडर, पौष्टिक बीज, मोटे अनाज से बने लड्डू सहित कई ऐसी सामग्री शामिल है, जो गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह पूर्ण रूप से चिकित्सकों की सलाह पर तैयार किया गया किट है। दूसरा चरण चुनाव के बाद शुरू होगा। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल, आरती कुजूर, आरती सिंह, रामकुमार पाहन, संजय जयसवाल, वरुण साहू, बलराम सिंह, अशोक मुंडा, सुबेश पांडेय, मंटू केसरी समेत अन्य मौजूद थे।



### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** — बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** — व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** — परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी.मानसिक चिंता रहेगी। भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** — अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** — रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी। मकान, प्रॉपर्टी, नये व्यापार-धंधें में सफलता मिलने की योग है।

**तुला** — आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** — संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** — रोजी-रोजगार में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** — अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** — आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** — आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# सिंह मोड़ में सिटी ट्रेंड्स मॉल का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हटिया सिंह मोड़ में सिटी ट्रेंड्स मॉल का उद्घाटन समाजसेवी मंजुल द्वारा फीता काट कर किया गया। मॉल के मालिक राजेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे। उद्घाटन के पूर्व राजेश सिंह द्वारा पूजा-अर्चना कर मॉल का शुभारंभ किया गया। राजेश सिंह ने बताया कि मॉल में महिलाएं, पुरुष-बच्चों के लिए सस्ते और विशाल रेंज के परिधान ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया है। यहां परिधान न्यूनतम 99 रुपये से उपलब्ध है। बताया कि रांची में उनका यह पहला मॉल है, मगर आने वाले वर्षों में केवल रांची में ही चार से पांच मॉल के साथ पूरे राज्य में 24-25 आउटलेट खोलने का लक्ष्य है।



# रामनवमी को हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के तत्वावधान में राजधानी के विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ भी उपस्थित थे। बैठक में संजय सेठ को पुनः रांची लोकसभा से सांसद उम्मीदवार बनाये जाने पर स्वागत किया गया। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा और संचालन नकुल तिर्की ने किया। सांसद ने रामनवमी को हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान किया। बैठक में शंकर दुबे, अशोक पुरोहित, सुजीत सिंह, गोपाल पारीक, राज किशोर, लंकेश सिंह, संजय सहाय, सुनील रंजन सहाय, प्रकाश साहू, प्रदीप साहू, प्रकाश चंद्र सिन्हा, राकेश सिंह, ज्योति शंकर साहू, कैलाश केसरी उपस्थित थे।



# जेइ भर्ती में बीटेकवाले आवेदन कर सकते हैं या नहीं

**हाइकोर्ट का फैसला 6 मई को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जूनियर इंजीनियर के करीब 1900 पद पर नियुक्ति में चार वर्षीय बीटेक इंजीनियरिंग डिग्रीधारियों को भी झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा परीक्षा में सीधे शामिल कराने को चुनौती देने वाली ऋचा राज की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अदालत मामले में 6 मई को अपना आदेश सुनायेगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेएसएससी ने जूनियर इंजीनियर पद के लिए सिविलए इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और एग्रीकल्चर में डिप्लोमाधारी अभ्यार्थियों के लिए विज्ञापन संख्या 4-2023 निकला था। इसमें कहा गया था कि डिप्लोमा होल्डर के अलावा उच्च तकनीकी योग्यताधारी भी आवेदन देने के पात्र होंगे। प्रार्थी का कहना था कि इस पद के लिए चार वर्षीय बीटेक इंजीनियरिंग धारी अभ्यर्थियों को सीधे परीक्षा में शामिल कराया जाना गलत है। विज्ञापन में शैक्षणिक पात्रता में कहीं भी बीटेक इंजीनियरिंग धारी अभ्यर्थियों को शामिल करने का उल्लेख नहीं किया गया था। यह पद डिप्लोमा धारी के लिए था। उच्च तकनीकी योग्यता धारी का तात्पर्य यह था कि जिन अभ्यर्थी ने तीन वर्षीय डिप्लोमा पास किया था और इसके बाद वह इस डिप्लोमा डिग्री के आधार पर इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन लेकर तीन वर्ष अतिरिक्त पढ़ाई कर इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है, इन्हें शामिल किया जाना था। चार वर्षीय बीटेक धारी अभ्यर्थियों के लिए असिस्टेंट इंजीनियर का पद होता है। इस पद पर डिप्लोमा धारी अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकते हैं। असिस्टेंट इंजीनियर पर वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने सरकार से संबंधित किसी संस्थान से चार वर्षीय बीटेक डिग्री प्राप्त की हो, लेकिन जूनियर इंजीनियर के पद के लिए अर्हता डिप्लोमा डिग्री रहती है। प्रार्थी की ओर से पटना, इलाहाबाद, मुंबई और उत्तराखंड हाइकोर्ट के जजमेंट का भी हवाला दिया गया। इसमें जूनियर इंजीनियर के पद पर सिर्फ डिप्लोमा योग्यता रखने वाले को परीक्षा में शामिल करने की अनुमति दी गयी थी। प्रार्थी का कहना था कि जूनियर इंजीनियर के पद पर भी चार वर्षीय बीटेक धारी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे तो बहुत कम डिप्लोमा धारी अभ्यर्थी इस परीक्षा में सफल हो सकेंगे।

# श्याम मित्र मंडल का फागण महोत्सव आज से

**शोभायात्रा में 10 हजार पैकेट प्रसाद का वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के 52वें स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण महोत्सव 17 मार्च से शुरू होगा। कोलकाता के अभिषेक जालान की 50 कारीगरों की टीम पुष्प शृंगार-सजावट का कार्य कर रही हैं। कारीगरों की टीम 56 भोग, सवामनी-महाभोग बनाने में व्यस्त है। बेंगलुरु के डच गुलाब से खाटू नरेश का शृंगार किया जायेगा। पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने जानकारी दी कि 17 मार्च को सुबह 7.30 बजे श्री गणेश पूजन और ध्वज स्थापना से महोत्सव की शुरुआत होगी। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि 18 मार्च को पवित्र ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। मारवाड़ी भवन से शोभायात्रा शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में 10 हजार पैकेट बुंदिया प्रसाद का वितरण किया जायेगा। 19 मार्च को हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि विगत कई दिनों से महोत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। कोलकाता के मंदिरा सिंह डांस ग्रुप, धनबाद के पंकज मोदी-पंकज सांवरिया, हरियाणा की रेखा सुरभि, फरीदाबाद के अंश-वंश की टीम अपनी प्रस्तुति पेश करेंगी।



## दिल्ली के साहित्योत्सव में बजा नागपुरी का डंका

# नागपुरी को अंग्रेजों ने भी अपनाया: डॉ वीरेंद्र

**सबसे बड़ा साहित्योत्सव का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहित्य अकादमी की ओर से 11 मार्च से 16 मार्च तक चलने वाले विश्व का सबसे बड़ा साहित्योत्सव कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र ने नागपुरी भाषा का झारखंड से प्रतिनिधित्व किया। 13 मार्च को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ बुक लंदन के द्वारा विश्व का सबसे बड़ा साहित्योत्सव का दर्जा दिया गया। साहित्योत्सव में उन्होंने कहा कि भाषा ही संस्कृति है और संस्कृति ही भाषा है। भाषा और संस्कृति का एक जटिल, समजातीय संबंध है। उन्होंने कहा कि नागपुरी भाषा का समृद्ध इतिहास रहा है। साथ ही इसमें साहित्य का भंडार काफी समृद्ध है। स्नातकोत्तर, एफफिल, पीएचडी और डीलिट तक की डिग्री प्राप्त कर लोग विभिन्न पदों पर विराजमान हैं। नागपुरी भाषा की उत्पत्ति और विकास के साथ नागपुरी भाषा की महत्ता, क्षेत्र विस्तार और नागपुरी भाषा के नामकरण-लिखने के लिए समयांतर में प्रयोग की गयी लिपियों की यात्रा पर प्रकाश डाला।

साहित्योत्सव 2024 को विश्व का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव में 175 सत्रों में 175 भाषाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि कार्यक्रम में बहुभाषी कवि और कहानी-पाठ, युवा साहित्य, अस्मिता, पूर्वोत्तरी जैसे नियमित कार्यक्रमों के अलावा भारत की अवधारणा पर परिसंवाद हुए।




# सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी के बच्चों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर के तत्वावधान में वार्षिक परीक्षा के बाद स्कूल परिसर में पिकनिक का आयोजन किया गया। बच्चे हर रोज अपने घर की टिफिन से खुश तो होते हैं, परंतु स्कूल की ओर से तैयार चटपटे भोजन बच्चों को खूब भाता है। इसलिए बच्चों में इसे लेकर एक खुशी की लहर थी कि स्कूल की ओर से टिफिन मिलेगी। बच्चों ने अपने-अपने पसंद के परिधानों में स्कूल आकर कई तरह के गानों में नृत्य किया। कई तरह के खेलों का आनंद उठाया और तरह-तरह के भोजन का भी स्वाद लिया।

# सरहुल पूर्व संध्या समारोह 10 अप्रैल को

## कार्यक्रम के लिए प्रतियोगियों का रजिस्ट्रेशन 30 तक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक आरआइटी भवन कचहरी परिसर रांची में हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल को दीक्षांत मंडप परिसर में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में आदिवासी जीवनशैली से संबंधित कला संस्कृति, नृत्य, गान, रचना लेखन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतियोगी दल-संस्था-कलाकार 30 मार्च तक अपना नामांकन मोबाइल नंबर 7667344420 के माध्यम से करा सकते हैं। संघ के सचिव बीरेंद्र उरांव ने बताया कि तैयारी समिति की आगामी बैठक में कलाकारों की एकल गीत के स्वर परीक्षा और उद्घोषक का टेस्ट लिया जायेगा। इच्छुक कलाकार इसमें शामिल हो सकते हैं। समारोह में सरना फुल पत्रिका का लोकार्पण भी होगा। इसमें डॉ हरि उरांव, साधु उरांव, डॉ बंदे उरांव, प्रो धीरज उरांव, सुखराम उरांव, लक्ष्मन उरांव, संजू लकड़ा, अनिमा टोप्पो समेत अन्य उपस्थित थे।



# पांच देशों की कलाकृतियों ने झारखंडियों को क्रेजी किया

**असम का सामान, नागालैंड के ड्राइफ्लावर को रिस्पांस**

**द अशोका हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट कार्निवल मेला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** द अशोका हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट सोसायटी पानीपत के तत्वावधान में पहली बार दुबई कार्निवल मेला 2024 का शुभारंभ मोरहाबादी मैदान में हो चुका है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान, कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य पुष्पल तिवारी, कांग्रेस सचिव अमरेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, राज उरांव शामिल हुए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन सहगल ने बताया कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 150 कुशल शिल्पकार लगभग 2.50 लाख कलाकृतियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रोहित चैरसिया ने बताया कि इस आयोजन में भारत वर्ष के अलावा विश्व के पांच देशों की लगभग 50 हजार कलाकृतियां पहली बार मोरहाबादी मैदान में देखने और खरीदने का अवसर झारखंड वासियों को मिल रहा है। आयोजन समिति के संयोजक विकास जयसवाल ने बताया कि झारखंड राज्य में पहली बार दुबई थिम सिटी का आयोजन भी मेला परिसर में किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से झारखंडवासियों को विशालकाय बुर्ज खलिफा, ट्वीन टावर, होटल बुर्ज अल अरब, अरेबियन यूर्निवर्सल के साथ लोग सेल्फी का लुत्फ उठा रहे हैं। सांस्कृतिक आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार साव और संजीव गोडकिया ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए पहली बार 180 फीट के विशालकाय लंदन ब्रिज गेट की प्रतिकृति भी मेला परिसर में झारखंडवासियों को देखने को मिल रही है।



# रांची सिटीजन फोरम की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को अपर बाजार लालजी हिरजी रोड स्थित मानसरोवर बिल्डिंग में हुई। इसमें उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और सचिव सुशील क्रांतिकारी ने फोरम के कार्यों से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। इसके आलोक में आगे की रूपरेखा और कार्य योजना बनायी गयी। उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी ने फोरम के लिए बनाये गये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर से समस्त उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके तहत आगामी कार्य योजनाओं को क्रियान्वित किया जायेगा।

# प्रदीप वर्मा राज्य की समस्याओं को प्रमुखता से उठायेंगे : सुरेश गुप्ता

**डॉ प्रदीप वर्मा राज्यसभा में झारखंड की आवाज बनेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखंड प्रदेश ने डॉ प्रदीप वर्मा के राज्यसभा सदस्य के रूप में चयन पर हार्दिक बधाई दी है। बधाई देने में वाले न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, क्षेत्र संयोजक प्रो विजय कुमार सिंह, क्षेत्र अध्यक्ष प्रोसविता सेंगर, प्रो रमण झा, अमरकांत झा, महेंद्र सिंह, प्रो रंजीत प्रसाद, प्रो पियूष रंजन, प्रो सुनील झा, प्रो धर्मराज, प्रो गोपाल जी सहाय सहित कई लोग शामिल रहे। इस अवसर पर सुरेश गुप्ता ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा को शिक्षा क्षेत्र के अलावा सामाजिक क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञान है। विश्वास है कि उनके द्वारा इस क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किये जायेंगे। साथ ही डॉक्टर वर्मा उच्च सदन में अपनी भूमिका का निर्वहन उचित ढंग से कर पायेंगे। क्षेत्र संयोजक प्रो विजय कुमार सिंह ने बधाई दी तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा राज्यसभा में झारखंड की आवाज बनेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# हेमंत सोरेन ही तय करेंगे कि उन्हें कहां से चुनाव लड़ना है : सुप्रियो

**झामुमो प्रत्याशियों की घोषणा कांग्रेस पार्टी की घोषणा के बाद करेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अनुसार लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनावी मैदान में चुनाव लड़ेंगे, लेकिन कहां से यह तय नहीं है, यह स्वयं हेमंत ही तय करेंगे कि उन्हें कहां से चुनाव लड़ना है। हर जगह की जनता उन्हें ही चुनावी मैदान में उतरने को प्रेरित कर रही है।

सुप्रियो ने कहा कि झामुमो अपने प्रत्याशियों की घोषणा कांग्रेस पार्टी की घोषणा के बाद करेगा। पहले कांग्रेस की ओर से दिल्ली में प्रत्याशियों की घोषणा होगी। इसके बाद यहां झारखंड



मुक्ति मोर्चा की ओर से उसके तुरंत बाद और दूसरे दिन झामुमो अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगा। झामुमो महासचिव पार्टी कार्यालय में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को गंभीरता से देखा और सुना है। धनराशि जो पकड़ में आती है, उसकी स्थिति क्या है, उन पर कौन सी कार्रवाई होती है। सब जानते हैं। सुप्रियो ने कहा कि इसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा का होता है। आइपीएस अधिकारी ने पीएम का हेलीकॉप्टर चेक कर लिया तो उसे बर्खास्त ही कर दिया गया था। ऐसी परिस्थिति में भी हम चुनाव आयोग पर यकीन करते हैं। मालूम हो 2019 के बाद से फरवरी 2024 तक भारतीय इलेक्टोरल बांड से जो पैसा मिला उसे जब्त कर देना चाहिए था। वह धन चाहे किसी भी राजनीतिक पार्टी की हो। चुनाव आयोग आज के बाद से हर राजनीतिक दलों पर नजर रखे। ऐसा नहीं हो कि बटन यहां दबे आवाज कहीं और से आये। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जो लहर बहने की बात सामने आ रही है। वह सपने देखने जैसा है। चुनाव आयोग की नजर सभी पर समान हो किसी एक पर नहीं हो।

उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हेमंत सोरेन के साथ है, उनसे अलग नहीं हैं। भाजपा 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि लड़ना अलग बात है, सपने देखना अच्छी बात है। जीवन का यह भी एक अहम हिस्सा है। पीएम की तरह अब भाजपा भी सपने देखने की आदि हो जायेगी।

# लोकतंत्र के इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा लोग भागीदारी करें : अमर कुमार बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश में लोकतंत्र का महापर्व की घोषणा हो गयी है। कुल सात चरणों में पूरे देश में लोकसभा का आम चुनाव संपन्न होगा। चुनाव की घोषणा होने के बाद नेता प्रतिपक्ष झारखंड विधानसभा अमर कुमार बाउरी ने देश के 140 करोड़ जनता को शुभकामनाएं दीं



और चुनाव के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार है। इस बार एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी वहीं भाजपा 370 से अधिक सीटों पर कमल खिलायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी सभी 14 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित तौर पर होगी। उन्होंने सभी लोगों से इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया। वहीं चुनाव आयोग को पूरे देश में निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव करवाने का अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# लोकसभा के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे: आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। कहा कि भारत का लोकतंत्र रोज मजबूत हो रहा है। सुशासन के कारण आमजन विकास की



मुख्यधारा से जुड़ रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी आये हैं। कहा कि पिछले दस वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित, पिछड़े सभी को पक्का मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, सम्मान राशि पहुंचाने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चार चरणों में राज्य की जनता 14 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के लिए मतदान करेगी। कहा कि जिस प्रकार से मोदी सरकार के प्रति जन विश्वास बढ़ा है। देश का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है। देश और राज्य की जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है। कहा कि इससे न सिर्फ लोकतंत्र मजबूत होगा, बल्कि तुष्टिकरण और वोट की राजनीति के लिए की जाने वाली बयानबाजी पर भी रोक लगेगी।

# लाखों कार्यकर्ता बन चुके हैं हेमंत: झामुमो

**कोडरमा के कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में कोडरमा के झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास रखा। कार्यक्रम कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बीरेंद्र पांडेय ने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने है। केंद्र की भाजपा सरकार इडी का सहारा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फंसाने का काम किया। इन्होंने एक हेमंत सोरेन को जेल में डाला। यहां लाखों हेमंत सोरेन सड़क पर हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा का हौसला कभी कम नहीं होगा। रांची




जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का जो चेहरा है, वह आज जनता के सामने है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के सहारे जो राजनीतिक स्वार्थ साधना हो या कॉरपोरेट लूट करना हो, आज सब जनता के सामने है।

### ये रहे मौजूद

उपवास कार्यक्रम में गोपाल यादव, गंगाधर यादव, इस्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता, सुशीला एक्का, शशिकांत पांडेय, कुदुस अंसारी, अंतु तिर्की, जनक नायक, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, सुकुआ मुंडा, चंद्रदेव यादव, बासुदेव यादव, आफताब आलम, लालजी रमण, अरुण वर्मा, तारकेश्वर महतो समेत बड़ी संख्या नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजा राम जी के रंग लगाबू हे सखी...

**विद्यापति स्मारक समिति में उड़ाये गुलाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक संस्था विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कचहरी चौक स्थित समिति के केंद्रीय कार्यालय में गीत-संगीत के बीच जमकर गुलाल उड़े। यहां लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

पारंपरिक मैथिली होली गीत से माहौल सरोबार रहा। इस समारोह की अध्यक्षता लेखानंद झा ने की। मुकेश भास्कर के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आदिकवि विद्यापति रचित मां काली स्तुति के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण झा, दिलीप झा, सतीश मिश्र, बीके झा, संतोष झा, रंजीत लाल दास, निर्भय कांत झा, मुकेश झा भास्कर, गौरी शंकर, संजीव ठाकुर, योगेश झा, अखिल भारत आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा, दीपक जयसवाल आदि उपस्थित थे।

# ओरमांझी समेत 15 सीओ बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। राज्य सरकार ने 15 अंचल अधिकारियों का तबादला किया है। इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी हुई। उज्जल सोरेन को ओरमांझी सीओ बनाया गया है। वहीं विजय कुमार दास को टंडवा, सुनील कुमार को सरायकेला, धर्मेंद्र कुमार दुबे को गोविंदपुर सीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था और लोक शांति कायम रखने के लिए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति-राजनीतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और उम्मीदवार की ओर से राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित सभा, जुलूस, प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी की सहमति के आयोजित नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार किसी सार्वजनिक-सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाने, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाने, होर्डिंग लगाना और तोरणद्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक का मामला**

# पीड़क कार्रवाई पर 22 मार्च तक रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहरा के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक 22 मार्च तक जारी रखी है। महेश मेहरा की ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी है। हाइकोर्ट के न्याय मूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले के अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी।

दरअसल, कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को परवा, गढ़वा रोड की 30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट डालटनगंज की ओर से दिया गया था। आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ 8 लाख रुपये का फर्जी बिल रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जमा किया गया। मामले में पहले सीबीआइ जांच कर रही थी। बाद में इडी ने इस मामले को अपने हाथों में लिया।

### आरोप पत्र पर कोर्ट ले चुका है संज्ञान

इडी कोर्ट में मामले में इडी ने छह आरोपियों महेश मेहरा और नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इस पर इडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

# श्री महावीर मंडल की नयी कमेटी का चुनाव आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय चुनाव समिति ने बताया कि श्री महावीर मंडल की पुरानी कमेटी भंग कर दी गयी है। नयी कार्यकारणी कमेटी के गठन के लिए 17 मार्च को चुनाव होगा । इसमें कुल 883 सदस्य मतदान में भाग लेंगे। इस संबंध में शनिवार को श्री महावीर मंडल केंद्रीय चुनाव समिति रांची की एक प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी गयी। मुख्य चुनाव पदाधिकारी कैलाश यादव ने कहा कि कार्यकारणी का कार्यकाल 11 माह का होगा। 19 मार्च 2024 से 18 फरवरी 2025 तक) रहेगा। कार्यकाल के बाद कमिटी का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव समिति को आगामी तीन वर्ष तक चुनाव कार्य के लिए अधिकृत किया गया है जिस पर सभी प्रत्याशी ने सहमति प्रदान किया है। मतदान स्थल में सिर्फ मतदान करने वाले और 9 (नौ) चुनाव पदाधिकारी ही रहेंगे जो मतदान को संपन्न करायेंगे। मतदान के बाद मतगणना में शामिल होने के लिए प्रत्याशियों को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा जिससे एक प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि मतगणना में शामिल हो पायेंगे। प्रमोद श्रीवस्ताव और शंकर साहू ने जानकारी देते हुए कहा की 19 मार्च 2024 दिन मंगलवार को होली मिलन समारोह दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में आयोजित किया जायेगा और विजय उम्मीदवार को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इस मौके पर बिंदुल वर्मा, शंकर प्रसाद, राजू यादव चुनाव सहायक चुनाव पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सदानंद महाराज कल आयेंगे रांची

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा के संस्थापक परमहंस संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज 18 मार्च को रांची आयेंगे। सदानंद महाराज के आगमन के बाद होली मिलन का आयोजन संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में बन रहे श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल में किया जायेगा।

## अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की याचिका पर इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में अदालत 30 मार्च को फैसला सुनायेगी।

# इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट का सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट की झारखंड इकाई ने दिल्ली बेस्ट प्रतिष्ठित मीडिया हाउस बिल्डिंग मैटेरियल रिपोर्टर जोकि आर्किटेक्ट, डिजाइन और बिल्डिंग मैटेरियल पर पिछले तीन सालों से लगातार पत्रिका विडियो और सम्मेलन के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है।

रांची के चाणक्य बीएनआर में शनिवार को सम्मेलन का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आर्किटेक्ट फील्ड में महिलाओं के योगदान, कठिनाइयों और भविष्य में उनकी भूमिकाओं को उजागर करना था।




सम्मेलन में शहर के आर्किटेक्ट अतुल सर्राफ चेयरमैन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ झारखंड चेप्टर, संदीप झा पूर्व चेयरमैन सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य, आर्किटेक्ट ऋतु चढ्ढा, आर्किटेक्ट मोनिका खोसला फाउंडर एंड प्रिंसिपल खाम कंसल्टेंट्स कोलकाता, आर्किटेक्ट राजीव चड्ढा ने अपने विचार रखे। बिल्डिंग मैटेरियल रिपोर्टर की टीम की तरफ से कंपनी के निर्देशक सुकेश सिंह, संदीप लठवाल, कोमल झा, विनीत, शैलेश, सैयद, यश आदि शामिल थे।

इस कार्यक्रम के पैनल डिस्कशन में डॉ स्मृति मिश्रा एसोसिएट प्रोफेसर बीआइटी मेसरा, अनुषा सिन्हा प्रिंसिपल अटोम्स डिजाइन हाउस, आर्किटेक्ट प्रज्ञा मित्तल ओनर पीएमए स्टूडियो, आर्किटेक्ट रश्मि श्रीवास्तव चीफ आर्किटेक्ट इंद्रनील कंसल्टेंट्स की अहम भूमिका रही। रांची शहर को मॉर्डन आर्किटेक्ट की शुरुआत और अभूतपूर्व योगदान के लिए आर्किटेक्ट मयूख धर विरनवे और आर्किटेक्ट राजीव चड्ढा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं शहर में अलग अलग फील्ड में अच्छा काम कर रहे। कुछ अन्य आर्किटेक्टस को भी बिल्डिंग मैटेरियल रिपोर्टर की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव मेंबर से अपूर्व मिंज, अमित बारला, अनुराग कुमार, अनुपम देब, नितेश पॉल नाग, गोपिकांत महतो, हर्ष राज, सौरव टोप्पो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम : संत जेवियर्स कॉलेज में भूगर्भ विषय पर परिसंवाद**

# भू-वैज्ञानिकों का सफर अवसर और चुनौतियों से भरा है: मनोज कुमार




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के भू विज्ञान, आइक्यूएसी और झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पत्थरों से संसाधनों तक भू विज्ञान समझने की अंतदृष्टि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लड़का ने बताया कि इमानदारी से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। विज्ञान में जितना हम अधिक प्रयास करेंगे, उतना ही स्पष्ट निष्कर्ष निकलता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ जयंत सिन्हा ने सबका परिचय कराया।

खान-भूतत्व विभाग के निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि भारत-चीन के बाद हरित गृह प्रभाव के उत्पादन में तीसरे स्थान पर आता है। समस्या का निदान बताते हुए कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन से हरित स्त्रोतों की ओर बढ़ना है। भारत लिथियम जैसे खनिजों का भंडार है। पूर्व कुलपति डॉ एसपी सिंह ने बताया कि भूविज्ञान के छात्रों के हाथों में ही संसाधनों की कुंजी होती है। मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने भविष्य के भू वैज्ञानिकों को अन्वेषण करने की तकनीक के चरण और मानदंड को समझाया। उन्होंने बताया कि मानक और मापदंड भूवैज्ञानिकों को अपडेट रखता है। डॉ एसपी सिंह ने पर्यावरणीय शांति के लिए खनन क्षेत्र में स्थिरता विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में डॉ जयंत सिन्हा, उप प्राचार्य डॉ प्रदीप रोबर्ट कुजूर, डॉ अजय मिंज, परीक्षा नियंत्रक बीके सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## हाइकोर्ट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी



रांची (आजाद सिपाही)। अधिवक्ता परिषद झारखंड उच्च न्यायालय इकाई द्वारा उच्च न्यायालय परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वरीय अधिवक्ता एमएम पाल, इंद्राणी सेन चौधरी, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, अधिवक्ता परिषद की सचिव नीता कृष्णा, बक्शी विभा, नीतू सिन्हा ने महिलाओं के उत्थान और उनके द्वारा किये जा रहे विश्वस्तरीय कार्यो की व्याख्या की। साथ ही उन्होंने महिलाओं की परिवार में अहम भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अधिवक्ता परिषद के बारे में विशेष जानकारी नीता कृष्णा और एकल गीत इंदु परासर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार के द्वारा महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए गीत भी प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर बार कौंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा, परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत विद्यार्थी, उच्च न्यायालय महासचिव प्रभात कुमार सिन्हा, ट्रेजरर पवन पाठक, जीतेंद्र त्रिपाठी, रामित सत्येंद्र, रोमित कुमार, इंदु परासर, लीना मुखर्जी, साधना कुमार, निक्की सिन्हा, विपुल दिव्या सहित अन्य मौजूद थे।

# सहमति से आगे बढ़ें

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई वाली उच्चस्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराने का विचार अच्छा है और इस ओर कदम बढ़ाये जाने चाहिए। समिति के मुताबिक इसके लिए संविधान में संशोधन करना पड़ेगा, लेकिन राज्यों की विधानसभाओं से उसकी पुष्टि कराने की अनिवार्यता नहीं होगी। बहरहाल, यह एक अहम मसला है और ऐसे में देखना महत्वपूर्ण हो जाता है कि समिति की रिपोर्ट इससे जुड़े अलग-अलग पहलुओं पर किस तरह रोशनी डाल रही है। रिपोर्ट में इस बात पर ठीक ही जोर दिया गया है कि अलग-अलग और बार-बार चुनाव होने से संसाधनों पर बेहिसाब बोझ पड़ता है। आम तौर पर एक लोकसभा चुनाव में 70 लाख ऑफिसरों को लगना पड़ता है। स्कूलों को चुनाव बूथ की भूमिका निभानी पड़ती है। अर्धसैनिक बल तैनात करने पड़ते हैं। अन्य चुनावों में भी थोड़े कम पैमाने पर ये प्रक्रियाएं अपनायी जाती हैं। एक साथ चुनाव से इन संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल संभव है। समिति के इस तर्क से सहमति थोड़ी मुश्किल है कि बार-बार चुनाव देश की आर्थिक तरक्की को बाधित करते हैं। आर्थिक विकास एक जटिल प्रक्रिया है। इसे चुनावी प्रक्रिया के सीमित नजरिए से जोड़ना ठीक नहीं है। वैसे भी आंकड़े बताते हैं कि देश में तेज विकास का दौर अस्सी के दशक से शुरू हुआ, जबकि, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराने की रीत 1967 तक ही चल पायी थी। जहां तक एक साथ चुनाव कराये जाने से राजनीति की क्वॉलिटी में सुधार का सवाल है, तो यह तर्क भी सुसंगत नहीं लगता। उदाहरण के लिए अगर पहचान की राजनीति की बात करें तो यह मानना मुश्किल है कि एक साथ चुनाव होने से उसमें ऐसे भावनात्मक मुद्दों का जोर कम हो जायेगा। आखिर आरक्षण आंदोलनों पर अलग-अलग राजनीतिक दलों का रुख इससे तय होता नहीं दिखता कि चुनाव कितने करीब या दूर हैं। समिति को जिन 47 राजनीतिक दलों से राय मिली, उनमें 15 दल साथ चुनाव कराये जाने के खिलाफ हैं। यानी करीब-करीब हर तीन में से एक दल इससे सहमत नहीं है। यह इसलिए भी अहम है, क्योंकि एक साथ चुनाव कराये जाने की कीमत राज्य विधानसभाओं को भरनी होगी। समिति के मुताबिक राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के कार्यकाल से जोड़े जाने की बात है। लोकतंत्र में विरोधियों की संख्या से कम महत्वपूर्ण नहीं होता असहमति का तर्क। इसलिए समिति ने जो प्रक्रिया बतायी है, उसके औचित्य को स्वीकार करते हुए भी यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विरोध में उठी आवाजों के तर्क को पूरा सम्मान देते हुए ही आगे बढ़ा जाये।

**लोकतंत्र में विरोधियों की संख्या से कम महत्वपूर्ण नहीं होता असहमति का तर्क। इसलिए समिति ने जो प्रक्रिया बतायी है, उसके औचित्य को स्वीकार करते हुए भी यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विरोध में उठी आवाजों के तर्क को पूरा सम्मान देते हुए ही आगे बढ़ा जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कुछ समय पहले तक साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके लोगों से पैसा ऐंठा जा रहा था। जैसे-जैसे इस तरह के साइबर अपराध के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पता चला तो इन साइबर ठगों के अपराधों में कमी आने लगी, परंतु आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस के इस नये दौर में साइबर ठगी के नये तरीके भी सामने आने लगे हैं। इनमें एक ताजा तरीका है वॉयस क्लोनिंग। यह एक ऐसी तकनीक है जिससे कि कम्प्यूटर द्वारा किसी की भी आवाज की नकल आसानी से बनायी जा सकती है।**

# वॉयस क्लोनिंग : नये साइबर अपराध से रहें सावधान

रजनीश कपूर

साइबर अपराधों में लिप्त अपराधी हर दिन नये ढंग से अपने शिकारों को फंसाने के तरीके खोजते रहते हैं। यदि आप जागरूक हैं तो आप इनके जाल में फंसने से बच सकते हैं। यदि आप घबराहट में कुछ ऐसा-वैसा कर बैठते हैं तो आप इनके जाल में आसानी से फंस सकते हैं। आज इस कॉलम में हम साइबर अपराध के एक नये तरीके वॉयस क्लोनिंग के बारे में बात करेंगे जो आजकल सीधे सादे लोगों को अपना शिकार बना रहा है।

कुछ समय पहले तक साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके लोगों से पैसा ऐंठा जा रहा था। जैसे-जैसे इस तरह के साइबर अपराध के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पता चला तो इन साइबर ठगों के अपराधों में कमी आने लगी, परंतु आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस के इस नये दौर में साइबर ठगी के नये तरीके भी सामने आने लगे हैं।

इनमें एक ताजा तरीका है वॉयस क्लोनिंग। यह एक ऐसी तकनीक है जिससे कि कम्प्यूटर द्वारा किसी की भी आवाज की नकल आसानी से बनाई जा सकती है। आवाज की इस नकल को पहचान पाना बहुत ही मुश्किल होता है।

**साइबर अपराधों में लिप्त अपराधी हर दिन नए ढंग से अपने शिकारों को फंसाने के तरीके खोजते रहते हैं।**

कुछ दिन पहले मुझे मेरे एक मित्र जतिन का घबराहट में फोन आया। उसकी घबराहट का कारण यह था कि खुद को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का एक अधिकारी बताने वाला व्यक्ति उसे धमका रहा था। उस व्यक्ति ने जतिन को फोन पर यह कहते हुए धमकाया कि उसका बेटा पुलिस हिरासत में है। जब उसने अपने बेटे की गिरफ्तारी की वजह पूछी तो उसे बताया गया कि उसका बेटा अपने कॉलेज की लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजता और उन्हें ब्लैकमेल करता है। चूंकि जतिन का बेटा आजकल के युवाओं की तरह रंगीन मिजाज का नहीं है इसलिए उसे इस बात पर यकीन नहीं हुआ। परंतु फिर भी एक घबराये हुए पिता की तरह जतिन ने भी यह जानना चाहा कि उसका बेटा कौन से थाने में है और उसे कैसे छुड़ाया जा सकेगा? परंतु तभी किसी कारण से फोन कट गया।

इसी बीच जतिन ने मुझे फोन कर अपनी परेशानी बतायी। सबसे पहले मैंने उससे पूछा कि उसका बेटा इस समय कहां है? उसने बताया कि वह कॉलेज गया है। मैंने उससे पूछा कि फोन किस नंबर से आया था? क्या फोन उसके बेटे के फोन से आया था?

चैक करने पर पता चला कि फोन किसी अंजान नम्बर से आया था। इतना ही नहीं उस नंबर से पहले +92 लगा था, जिससे संदेह हुआ कि यह एक फ्राड कॉल है। क्योंकि भारत के सभी फोन नंबरों से पहले +92 नहीं बल्कि +91 लगता है।

मैंने जतिन को शांत करते हुए यह बात समझाई कि यदि पुलिस किसी छात्र को गिरफ्तार कर उसके माता-पिता से बात करती है तो या तो वह थाने के फोन से करेगी या छात्र के ही फोन से या पुलिस अधिकारी अपने फोन से कॉल करेगा जिसके पहले +91 लगा होगा।

इस पर जतिन को कुछ बात तो समझ में आई। लेकिन उसने यह भी कहा कि उस पुलिस अधिकारी ने उसके बेटे की फोन रिकॉर्डिंग के कुछ अंश भी सुनाए हैं, जिसे सुन कर उसे चिंता हुई। इस पर मैंने जतिन से कहा कि क्या उसने अपने बेटे से उसी के फोन पर बात की? तो वह बोला घबराहट में उसने पहला फोन मुझे ही किया।

जैसे ही जतिन ने दूसरे फोन से अपने बेटे से बात की तो उसे पता चला कि वह बिल्कुल सकुशल है और अपने कॉलेज में ही है।

मैंने जतिन को वॉयस क्लोनिंग स्कैम के बारे में जो बताया वह आपके साथ सांझा करना भी आवश्यक है। उगाही के इस नए ढंग को यदि आप जान लेंगे तो शायद आप भी इन जालसाजों का शिकार होने से बच सकेंगे।

वॉयस क्लोनिंग साइबर ठगों का सबसे ताजा हथियार साबित हो रहा है। साइबर ठग आपके फोन पर किसी बैंक, फोन या बीमा कम्पनी का अधिकारी बनकर आप से बात करते हैं। ऐसे में वे आपके साथ हो रही पूरी बात को रिकॉर्ड भी कर लेते हैं।

इसके बाद आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस की मदद से वॉयस क्लोनिंग सॉफ्टवेयर में आपकी बातचीत में आसानी से बदलाव लाकर, आपकी आवाज की नकल या वॉयस क्लोनिंग कर लेते हैं। मतलब आपकी ही आवाज में बातचीत का विषय बदल देते हैं। इन साइबर ठगों के पास आपके करीबी रिश्तेदारों के नंबर होना कोई बड़ी बात नहीं है। इसी के चलते वे वॉयस क्लोनिंग की मदद से आपकी नकली आवाज के जरिए स्कैम करने में कामयाब हो रहे हैं। इसलिए आप सभी के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है।

पहला, यदि आपको किसी अंजान नम्बर से ऐसा वॉयस क्लोनिंग वाला फोन आए तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपके जिस रिश्तेदार के बारे में बात की जा रही है, क्या वह उसी की आवाज है?

दूसरा, किसी न किसी बहाने से फोन को काट कर अपने उसी रिश्तेदार को फोन कर उससे बात अवश्य करें। तीसरा, यदि कोई भी खुद को पुलिस अधिकारी बताता है तो पहले उस व्यक्ति का पूरा परिचय मांग लें और आधिकारिक फोन नंबर मांग लें। यदि संभव हो तो फौरन उसके दिए परिचय की पुष्टि भी कर लें।

कभी भी अंजान नंबर से आने वाली कॉल, खासकर जिस नंबर से पहले +92 लगा हो उसे न उठायें। कॉल करने वाले के लाख कहने पर भी उनकी बातों में न आयें। अपने बैंक खाते या अन्य जरूरी जानकारी को कभी शेयर न करें। ऐसे नंबरों को तुरंत ब्लॉक करें। जैसे ही यह पता चले कि आपके साथ ठगी हो सकती है या आप इनके शिकार हो चुके हैं तो पुलिस को इसकी जानकारी तुरंत दें। आप सचेत रहेंगे तभी तो सुरक्षित रहेंगे।



**वॉयस क्लोनिंग साइबर ठगों का सबसे ताजा हथियार साबित हो रहा है। साइबर ठग आपके फोन पर किसी बैंक, फोन या बीमा कम्पनी का अधिकारी बनकर आप से बात करते हैं। ऐसे में वे आपके साथ हो रही पूरी बात को रिकॉर्ड भी कर लेते हैं। इसके बाद आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस की मदद से वॉयस क्लोनिंग सॉफ्टवेयर में आपकी बातचीत में आसानी से बदलाव लाकर, आपकी आवाज की नकल या वॉयस क्लोनिंग कर लेते हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर को मानगो फ्लाइ ओवर की सौगात

# 252 करोड़ से 18 महीने में बनेगा फ्लाइ ओवर: बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाइओवर का निर्माण कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया। यह जमशेदपुर की जनता की जीत है और उन सभी विरोधियों के गाल पर थप्पड़ है। जिन्होंने हरसंभव प्रयास किया कि इस निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मैंने जमशेदपुर खास कर मानगो की जनता को यह समर्पित करता हूं और यकीन दिलाता हूं कि हर वह वादा जो मैंने आपसे किया है, वो पूरा करूंगा। बस अपना प्यार, विश्वास और आशीर्वाद मुझ पर बनाये रखें। यह फ्लाइ ओवर मंत्री बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट है और उन्होंने चुनाव के समय जमशेदपुर की जनता से वादा किया था कि मानगो को जाम मुक्त बनायेंगे। साथ ही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से ही मानगो में स्वर्णरेखा नदी के ऊपर 252 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाइ ओवर निर्माण का कार्य होगा, जिसे गुजरात की दिनेश चंद्र अग्रवाल और इब्रा इस्कॉन की ज्वाइंट वेंचर कंपनी बनायेगी। लंबाई 3.4 किलोमीटर और 18 महीने में यह पुल तैयार होगा।

# होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा दुर्गा बाड़ी क्लब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को समारोह में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने 200 महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा महिलाएं अपनी लगन और मेहनत से ही हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सफलता के लिए झारखंड सरकार कई योजना चला रही है। उन्होंने आजीविका महिला संकुल संगठन द्वारा महिलाओं के लिए की जारही कार्य का सरहाना की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, माधुर सरदार, मीना देवी,आशा देवी, कविता देवी, सुलोचना लोहार, कविता रानी महतो, सोनारानी हेम्ब्रम,सोनामनी सामद, मनीषा सरदार, सुभाषिनी महतो,लवली कुमारी, कंचन देवी, देवश्री दास, सीता दास,संध्या रानी महतो,पुष्पा महतो, कविता देवी, पूनम सिंह, बुलबुल दास, जयश्री घोष सहित सैकड़ो महिलाएं शामिल रहे।

# जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की बैठक में प्रस्ताव पारित



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की एक बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में की गई। शनिवार को बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कोल्हान के 09- जमशेदपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी हर हाल में चुनाव लडें। मौके पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने की।समर्थन का प्रस्ताव लिखित रूप से जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी को सौंपा गया। वही जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की बैठक में विभाग के संगठनात्मक प्रगति का समीक्षा जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे व विभागवार समन्वयक ने की। बैठक में कार्यकताओं ने भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा आये दिन अखबार में वगैर कांग्रेस पार्टी से विचार विमर्श कर ही कहा जा रहा है जमशेदपुर लोकसभा सीट से जेएमएम चुनाव लड़ेगी। जबकी कोल्हान के जमशेदपुर सीट से कांग्रेस को ही चुनाव लड़ना चाहिए। मोम पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए मजबूती के साथ जमशेदपुर सीट कांग्रेस को देने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पारित होने पर जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा जमशेदपुर सीट से कांग्रेस चुनाव लड़े इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पारित प्रस्ताव की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमिटी आप सबों के समर्थन में है।जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा सम्पूर्ण जिला में संगठन बहुत मजबूत है। कार्यकर्ता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है। जमशेदपुर सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी को ही मिले। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, मंत्रीगण सहित गठबंधन नेताओं से वार्ता कर प्रक्रिया को सम्पन्न करें। जिला कांग्रेस कमिटी चुनाव लडनें में सक्षम है।मौके पर सेवादल,महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस,ओबीसी विभाग, आरटीआई विभाग, विधि विभाग, किसान विभाग के चेयरमैन सहित जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे,अशोक चौधरी, प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, के के शुक्ल, काल्टू चक्रवर्ती, धर्मेन्द्र सोनकर,अमरजीत नाथ मिश्र, ब्रजेन्द्र तिवारी, अवधेश सिंह, राजकिशोर यादव, संजय सिंह आजाद, योगेन्द्र सिंह यादव, शफीअहमद खान, दिबेश राज, अरविंद कुमार, नलिनी कुमारी, सावन मुखी, सचिन कुमार सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, कमलेश कुमार, आनन्द दास, प्रखण्ड अध्यक्ष संजय साह, सत्यजीत सीट, बबुआ झा, आशीष ठाकुर, संजय घोष, सतदल गिरी, राजेश कुमार, प्रखण्ड संगठन प्रभारी रामदरस चौधरी, पवन कुमार बबलू, मोहन लाल बनर्जी, कमर रजा खान, राजेश चौधरी, रियाजुद्दीन खान, राजकिशोर यादव, अपर्णा गुहा, प्रमोद मिश्र, अजय मिश्र, किशन लाल महतो, संजय यादव, दुर्गा प्रसाद, देबाशीष घोष, राजनारायण यादव, मिठू अग्रवाल, सुधीर टुडू, उदय कुमार सिंह, रविंद्र शर्मा, शशि कुमार सिन्हा, सन्नी सिंह, सुल्तान अहमद, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, निखिल तिवारी, अरूण कुमार सिंह, गुरदीप सिंह, राजा सिंह राजपूत, चंदन यादव, अमित श्रीवास्तव, सरदार सुरेन्द्र सिंह, कैलाश रजक, सीताराम चौधरी, पुनीता चौधरी, धीरज कुमार, अशोक कुमार शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, हरिहर प्रसाद, इंतिखाब वास्ती, भुतेश पंडित, बिजेन्दर पाण्डेय, नारायण डे, अजय महतो सहित अन्य शामिल रहे।

# संजीव सरदार ने करोड़ों की लागत से कई योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव सरदार के पहल पर लगातार विकास कार्य तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि पोटका के झामुमो विधायक संजीव सरदार के नेतृत में झारखंड सरकार के लगभग सभी योजनाओ का लाभ एक एक ग्रामीण जनता तक पहुंच रही है। शनिवार को विधायक ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग 6 गांव में कई योजनाओं का शिलान्यास करने पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बन गया। योजनाओं का लाभ मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा के साथ माला पहनाकर विधायक का भव्य स्वागत किया। वही बागबेड़ा कॉलोनी के लिए जुस्को और तारापोर कंपनी की टैंकर से पेयजल की आपूर्ती का शुभारंभ होने से 15 पंचायत के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर कर विधायक के प्रति आभार जताया। शनिवार को विधायक संजीव सरदार ने बाघमारा, राजदोहा ग्राम और सोहदा पंचायत के बालिजुड़ी ग्राम में सैकड़ो ग्रामीणों संग झारखंड सरकार भूमि संरक्षण विभाग के राइस फेलो योजना के तहत तीन सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार के लिए शिलान्यास किया। वही विधायक ने चुनाव में ग्रामीणों को किये गए वायदे को पूरा करते हुए पोटका के गोड़ग्राम राजगा से बाकाइ भाया शाशनगुटु मोहनाडीह बुकनुटांड़ बलियागोडा तक 10 करोड़ की लागत से बनने वाले 10.20 किमी अति महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास ग्रामीणों और झामुमो नेताओं की उपस्थिति में किया। साथ ही राजदोहा मुख्य सड़क से बोहराडीह होते हुए सरसा बेड़ा काली मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उधर विधायक ने जिला अनाबाद निधि योजना से पोटका के कालिकापुर पंचायत स्थित खराबागन दूध नाला में पुल निर्माण और जमशेदपुर प्रखंड के सुंदरनगर प्रणवानन्द शताब्दी आवासीय बालिका विद्यालय में सीवरेज ड्रेनेज और आरसीसी पाइपलाइन बिछाने के कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। साथ ही पोटका विधानसभा में 15वां वित्त आयोग से डुमरिया प्रखंड परिसर मे पेबर्स ब्लॉक, शेड निर्माण,चाहरदिवारी व गेट निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक संजीव सरदार के द्वारा किया गया। वही विधायक ने नारायणपुर गांव मे ग्रामीणों द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सभी पंचायत प्रतिनिधि, प्रमुख गंगामुनी हांसदा, उपप्रमुख चैतन मुर्मू, सभी सदस्य, झामुमो नेता और कार्यकर्ता सहित सैकड़ो स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ड्राइवर के साथ इस तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: अरविंद सिंह



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। बीते दिनों आरआईटी मोर के समीप तीन उचक्के ने चालक व झारखंड ड्राइवर महासंघ के अध्यक्ष अनिल महतो की बीच रोड में जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में चालक के गले से सोने का लॉकेट गुम होगाया। वही मोबाइल और हेडफोन भी टूट गया। घायल चालक अनिल महतो ने बताया ओवरटेक करने के दौरान तीन युवक ने मारपीट की है। जिसमे विक्की महतो व अमित सरदार शामिल था। दोनों ही कृष्णापुर का रहने वाला है। उन्होंने घटना की सूचना आदित्यपुर पुलिस व भाजपा नेता सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह को दी। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक ने कहा ड्राइवर के साथ इस तरह की अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आदित्यपुर पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की। मौके पर समाजसेवी जगदीश नारायण चौबे और भाजपा नेता सावन मिश्रा मौजूद रहे। वही मारपीट की सूचना मिलने पर झारखंड ड्राइवर महासंघ के सभी मेंबर थाने में पहुच कर आरोपी पर कारवाई की मांग की। मौके पर सुधीर उरांव,पवन महतो, रमेश गागराई, कार्तिक प्रधान, शशि राय, कमला सिंह, जागरण सरदार, सीपीयू माझी, राजेश पूर्ति, राजू कालिंदी, चंदन सिरका, ओमप्रकाश प्रमाणिक, विक्रम सिंह मुंडा, अखिलेश यादव और अन्य चालक शामिल रहे।**

# गढ़वा में 270 करोड़ की लागत से होगा दो सड़कों का निर्माण

**क्षेत्र का विकास नकारात्मक राजनीति से नहीं जनहित की सोच से होता है : मंत्री मिथिलेश**

**गढ़वा वासियों के लिए वरदान साबित होगा शंखा से खजुरी फोरलेन सड़क**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगभग 270 करोड़ की लागत से दो प्रमुख सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण कार्य किया जायेगा। पलामू जिला के शंखा न्यू बाईपास से गढ़वा जिला के खजुरी न्यू बाईपास तक 24 किमी करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जायेगा। जबकि दूसरी सड़क लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत से चिनियां प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ बरवाडीह से सिगसीगाखुर्द, चफला, पेंदली, पेसका, दुलदुलवा होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों का निर्माण पथ निर्माण विभाग से कराया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त दो सड़कें अतिमहत्वपूर्ण हैं। इनका निर्माण, चौड़ीकरण कार्य किया जायेगा। मंत्री ने बताया कि पहली सड़क पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत शंखा से खजुरी तक गढ़वा शहर के बीच से होकर गुजरते हुए 24 किमी चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा। बाईपास निर्माण होने के कारण इस सड़क पर एनएच द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इसका निर्माण शंखा न्यू बाईपास से शुरू हो कर कमता, केतात, रेहला, बेलचंपा, फरठिया, चेतना, मझिआंव मोड़, रंका मोड़, कचहरी, नवादा, चिरौंजिया होते हुए खजुरी तक किया जोयगा। जबकि दूसरी सड़क चिनिया प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ बरवाडीह से सिगसीगाखुर्द, चफला, पेंदली, पेसका, दुलदुलवा होते हुए पीडब्ल्यूडी सड़क तक 20 किमी लंबी निर्माण किया जायेगा। साढ़े पांच मीटर चौड़ा इस सड़क का निर्माण किया जायेगा। यह सड़क चिनियां, रंका, मेराल एवं गढ़वा के लोगों के लिए एक सुपर कनेक्टिविटी का काम करेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र व जनता की समस्या उनकी अपनी समस्या है। हर हाल में सारी समस्याओं को दूर करने के लिए वे ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास नकारात्मक राजनीति करने से नहीं बल्कि जनहित की सोंच के साथ राजनीति करने से होता है।

## टंडवा में 76 लाख की लागत से होगा पार्क का निर्माण, सरकार ने दी स्वीकृति

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के टंडवा में 76 लाख की लागत से सुंदर और आकर्षक पार्क का निर्माण किया जायेगा। सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस पार्क का निर्माण टंडवा वासियों के लिये एक शानदार तोहफा है। टंडवा में दानरो नदी तट के समीप 50 डिसमील भूमि में पार्क का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास करने के लिए संकल्पित है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय गढ़वा का चप्पा-चप्पा सुंदर और आकर्षक बनेगा।

## 6.20 करोड़ की लागत से होगा दो पुल का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल और रंका प्रखंड में छह करोड़ 24 लाख 600 रुपये की लागत से दो पुल का निर्माण कार्य किया जायेगा। इसके लिए निविदा की भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मेराल प्रखंड के तीसर टेटुका पंचायत में अमरवा दामर मध्य विद्यालय मुख्य पथ से दतवनिया मदरसा पथ में भौराहा नदी पर तीन करोड़ 17 लाख 49 हजार रुपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य तथा रंका प्रखंड के पंचायत दुधवल में ग्राम बाराडीह और नगरी के बीच कराहिया नदी पर तीन करोड़ छह लाख 51 हजार 600 रुपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य किया जोयगा। गढ़वा के सभी गांव, सभी टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

## ताली गांव में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में शनिवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास पुजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क पंद्रहवें वित्त की राशि 2.50 लाख की लागत से चांदनी चौक स्कूल से मुख्य पथ तक बनेगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने मुखिया मुंगा साह और बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की इस सड़क को बनने से चांदनी चौक टोला के ग्रामीणों को आवागमन करने में सहुलियत होगी। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, मणीलाल गुप्ता सुनील कुमार, हिरामन साह, सतेन्द्र साह, गुलाबचंद साह, सुखाड़ी सहित अन्य लोग मौजूद थे।15

## गोवा मजदूरी करने गये नवल की मौत

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी मुखदेव चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र नवल प्रजापति की बुधवार को मजदूरी करने के दौरान मौत हो गयी थी। शनिवार को गांव शव पहुंचते ही मातम छा गया। बताया गया कि नवल चौधरी जीएमआर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मोपा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट साइड पर काम कर रहा था। काम करने के दौरान दीवार गिर जाने से वह चपेट में आ गया और उसकी मौत स्पॉट पर ही मौत हो गयी। मृतक के दो बच्चे उमेश चौधरी उम्र 14 वर्ष, सुकुल चौधरी 7 वर्ष और माता थी। वह करीब एक सप्ताह पहले मजदूरी करने गोवा राज्य गया था। मृतक के पड़ोसी ग्रामीण संजय कुमार चौधरी, भुनेश्वर चौधारी बताया कि नवल चौधरी करीब 1 सप्ताह पहले गोवा राज्य में मेघालय नामक कंपनी में काम करने गया था। काम करते एक सप्ताह भी नहीं हुआ कि उसकी मौत की खबर गांव में आ गयी। मजदूर की मौत पर ग्रामीणों में गहरा शोक व्यक्त किया है। ग्रामीण शंकर चौधरी, वार्ड सदस्य अनिल चौधरी, मुखिया महेंद्र चौधरी सहित अन्य ने बताया कि मजदूर व युवा वर्ग के लोग काम के चक्कर में पलायन कर रहे हैं। आए दिन मजदूरों के मौत की खबर मिलती है। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि व प्रशासन कान में तेल डालकर सोए हुए हैं। वे युवाओं व मजदूरों को काम दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। झारखण्ड में इतना खनिज पदार्थ होते हुए भी कोई भी बड़ा फैक्ट्री नही खोली अगर रहता तो येसब देखने को नहीं मिलती।

## श्री विष्णु मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव सात दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल में एकलौता विशुनपुरा प्रखंड के पोखरा चौक स्थित प्रसिद्ध शेषशैया भगवान श्री विष्णु मंदिर के 17वीं वार्षिकोत्सव का सात दिवसीय कार्यक्रम शनिवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने पूजा अर्चना कर सोभा यात्रा के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से चलकर लाल चौक होते हुए मेन रोड विशुनपुरा, थाना के समीप बांकी नदी तट पर पहुंची। कलश यात्रा सह शोभा यात्रा में आस पास के विभिन्न गांव से आये हजारो श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। वहीं वार्षिक उत्सव को लेकर झूलन मेला का भी आयोजन किया गया है। वहीं रात्रि नव बजे से कथावाचक नीलम शास्त्री के द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया है।

# बाहरी ठेकेदारों की बंदूक और लाठी से विकास करा रहे हैं मंत्री : डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढवा।** पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉक्टर एमएन खान ने कहा है कि जिले के हर पंचायत, गांव और टोले तक एआईएमएएम पहुंच कर लोगों के सुख दुख में भागीदार बन रही है। एआईएमएएम किसी खास धर्म या संप्रदाय की नहीं बल्कि देशभक्त हिन्दुस्तानियों की पार्टी है। जनता के हक और अधिकार के साथ देश के प्रति समर्पण की वकालत करने वाले लोगों की जमात है। एमएन खान प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा जिला आज अपराधियों और दबंगो के कब्जे में महसूस हो रहा है। विकास और विकास चिल्लाकर बुनियादी मुद्दों और आम अवाम की बात को दरकिनार कर शहर से लेकर गांव तक नाच गाना कराके जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ सरकारी पैसे की खुलेआम लूट हो रही है। यूपी, बिहार से एक खास जाति के आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को टेंडर मैनेज कराके 10% वसूल लिया जाना आज गढवा की पहचान बन गई है। बगैर मुआवजा भुगतान कराये गरीबों की जमीन पर सडक बना दी जा रही है और विरोध करने पर मंत्रीजी के नाम पर डराया जा रहा है। कोरवाडीह महुलिया की बन रही सडक निर्माण के ठेकेदार और बिचौलिए 50 से अधिक मुस्लिम और दलित लोगों के रैयती जमीन पर नक्से से हटकर रोड बना रहे हैं। विरोध करनें पर उल्टे केस कर दिया गया। अंचल कार्यालय में दिया गया आवेदन धूल फांक रहा है।

लगमा करकोमा डंडई रोड में भी मुआवजा कौन कहे बिना सर्वे के ही घर तोडे जा रहे हैं। एआईएमएएम ऐसे ठेकेदार और बिचौलिए सहित जिला प्रशासन को चेतावनी देती है कि लोगों के सब्र का इम्तिहान न लें अन्यथा होली के बाद इसका पुरजोर विरोध होगा। जिला संरक्षक अब्दुशकुर अंसारी, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला सचिव हाजी नसीरुद्दीन, जिला प्रवक्ता अब्दुर्रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है: अलखनाथ

**आरकेपीएस में छात्र-छात्राओं के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कैंप में छोटे बच्चों का आंख और दांत का चेकअप किया गया। दंत चिकित्सक डॉ.अशोक कुमार और आंख चिकित्सक रौशन मेहता व टीम के द्वारा लगभग 225 बच्चों का चेकअप किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने उपस्थित सभी अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल से ही समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन कराते आ रहा हे। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक व्यायाम और शारीरिक खेल-कूद हमारे दिनचर्या में शामिल होना बहुत जरूरी है। आजकल छोटे बच्चों में आंख और दंत रोग की शिकायत ज्यादा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्मार्ट फोन, लैपटॉप, टी.वी.,ऑनलाइन गेम, जंक फूड, चॉकलेट आदि से बचाएं और शिकायत होने पर नजर अंदाज नहीं करें, चिकित्सक को दिखाकर समय से इलाज करायें। इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, नितेश पांडेय, विकास पाण्डेय, रंजीत गुप्ता, रौशन दुबे और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। चिकित्सक और उनके टीम के द्वारा भी बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात कही गयी। स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा ने इस आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# कांडी में स्वास्थ्य विभाग का नायाब आपराधिक कारनामा

**गड्ढे में फेंकी हुई पायी गयी एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवा**

**डीटेल भेजिए, जांच करायी जायेगी : स्वास्थ्य मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का एक घोर आपराधिक कारनामा प्रकाश में आया है। जिसके तहत एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवाएं आबादी से दूर एक गड्ढे में फेंकी हुई बरामद की गयी हैं। जिसमें 80 फीसदी दवाओं की एक्सपायरी तिथि 2 साल के बाद की है। कुछ दवाओं की एक्सपायरी आठ महीने के बाद की है। जबकि 20 - 25 फीसदी दवाओं की एक्सपायरी हो चुकी है। सूचना प्राप्त होने पर कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दवाओं को जप्त कर थाना ले गये। हजारों मरीजों को मुफ्त में दी जाने वाली दवा को इस तरह से फेंकने का अक्षम्य अपराध किसने किया है पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ के दक्षिण सतबहिनी गेट से राजा घटहुआं गांव जाने वाली सड़क में पंडी नदी के निकट बड़े से गड्ढे में और गड्ढे के बाहर तमाम दवाएं फेंकी हुई पायी गयी हैं। सूत्रों की मानें तो गाड़ी पर लोड करके इन दवाओं को लाकर फेंक दिया गया है। इसकी सूचना सबसे पहले दवाएं फेंकते हुए देखकर एक गुप्त सूत्र ने कांडी प्रखंड प्रमुख सह झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय को दी थी। प्रमुख ने इसकी सूचना मीडिया को दी। स्थानीय पत्रकारों ने कांडी थाना के थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को शनिवार के अहले सुबह इस जघन्य अपराध की सूचना दी और इस संबंध में कांड दर्ज करते हुए छानबीन कर दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाये जाने की बात कही। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम और एएसआई प्रबल कुमार महतो ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर आसपास के गांव से सहिया और कुशहा हेल्थ सेंटर की एक एएनएम और ग्रामीणों को मौके पर बुलाया। जबकि वहां पर पहले से ही मीडिया के लोग मौजूद थे। ताकि फेंकी हुई दवाओं को वहां से हटा नहीं दिया जाए। मालूम हो कि बच्चों व बड़ों को दी जाने वाली कृमि नाशक (कीड़ा की दवा) कर्नाटका एंटीबायोटिक्स लिमिटेड की बनी हुई एल्बेंडाजोल सबसे अधिक मात्रा में फेंकी हुई पायी गयी है। जिसकी एक्सपायरी तिथि मार्च 2026 है। कुछ एल्बेंडाजोल गोलियों की एक्सपायरी तिथि 2025 की भी है। जबकि आयरन की गोली नेस्टर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की बनी हुई फोलिक एसिड के कुछ दवाओं की एक्सपायरी नवंबर 2024 की है। वहीं आधा दर्जन बोड़ा में भरकर एक्सपायर हो चुकी फोलिक एसिड दवाओं की गोलियां भी जप्त की गई हैं। यह बहुत बड़ा आपराधिक कारनामा कांडी प्रखंड क्षेत्र में ही पेश आया है। उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों से प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लोग ही दवाएं लेते हैं। लेकिन दवाओं को इस तरह बेदर्दी से फेंक कर सरकारी अस्पताल पर उनके आशा एवं भरोसे पर कुठाराघात किया गया है। यह मामला गंभीर जांच का विषय है। इस मौके पर सरकोनी पंचायत की सहिया साथी नीलम देवी, डेमा गांव की सहिया प्रमिला देवी, कुशहा हेल्थ सेंटर की एएनएम ज्वालामुखी कुमारी, ग्रामीणों में राजा घटहुआं के रितिक कुमार, विमलेश, सोनू, नीरज, बलराम और विकास आदि उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय सूत्रों का कहना है कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया की दवा के साथ कीड़ा की दवा दिए जाने का अभियान चलाया गया था। लेकिन इस दौरान सहिया को घर-घर जाकर अपने हाथों से दवा खिलानी थी। अगर कोई बाद में खा लेंगे कहकर दवा मांगे तो उसे एक भी गोली देने का आदेश नहीं था। एल्बेंडाजोल वितरण के लिए एक टीम आने वाली है। उसकी बैठक के बाद 20 मार्च से कीड़ा की दवाओं का वितरण किया जा सकता है। सूत्र ने कहा कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को कीड़ा की दवा देने के लिए शनिवार एवं बुधवार का दिन निर्धारित है। उसके लिए दवाओं की शिक्षा विभाग के प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) को आपूर्ति की जाती है। फेंकी हुई दवा के विषय में कहा कि यह किसी हेल्थ सेंटर की दवा नहीं लगती है। इसलिए कि किसी भी केंद्र पर इतनी मात्रा में दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। हो सकता है कि यह किसी बीआरसी से फेंकी हुई दवा हो। इसकी जांच के लिए हम लोग कांडी थाना जा रहे हैं। दवाओं की जांच पड़ताल से कुछ पता चल सकता है।

**क्या कहा थाना प्रभारी ने :-** इस संबंध में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि उच्च पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सनहा दर्ज कर संबंधित विभाग को इसकी सूचना देते हुए जांच करके अनुरोध करने पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

**क्या कहते हैं डीएमओ :-** इस विषय में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि यह दवा कहां से आयी इसकी जांच करायी जा रही है। वैसे यह दवा किसी स्वास्थ्य केंद्र की नहीं लगती है। वह अभी हेड क्वार्टर में मौजूद नहीं हैं। सोमवार को उपलब्ध होंगे। बावजूद इसके मामले की विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

**क्या कहते हैं सीएस :-** इस संबंध में जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि यह किस फैसिलिटी से भेजी हुई दवा है। यह बैच नंबर की जांच से पता चल जायेगा। मैंने इसकी जांच का आदेश दे दिया है।

**क्या कहते हैं मंत्री :-** इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मामले का पूरा डीटेल भेजिए। जांच करायी जायेगी।

## सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में अंकुश कुमार और रोहित चौधरी का हुआ चयन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण के मोतिहारी जिला में 16 से 19 मार्च तक आयोजित 33वीं सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड टीम में गढ़वा जिला के दो खिलाड़ी अंकुश कुमार एवं रोहित कुमार चौधरी का चयन हुआ है। गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कोच अजय कुमार गुप्ता के प्रयास के फल स्वरुप गढ़वा जिला के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जूनियर नेशनल टीम में दोनों खिलाड़ियों के चयन पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव राजू उरांव, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कोऑर्डिनेटर निधि उपाध्याय, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, सचिव और गढ़वा जिला के सभी खेल संघ के पदाधिकारी ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दिया।

## मृतक के परिजन को मिला 4 लाख का चेक



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड वन क्षेत्र अंतर्गत चुटिया पंचायत के मचला महुआ निवासी मृतक ममता शर्मा पति ओमप्रकाश शर्मा के परिजन को वन विभाग की ओर से चुटिया पंचायत की मुखिया गीता देवी ने 4 लाख का चेक प्रदान किया। बताते चलें कि ममता शर्मा को हाथी ने कुचल कर मार डाला था जिसे गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर, रंका वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा, मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता के अथक प्रयास से शनिवार को वन विभाग ने मृतक ममता शर्मा के परिजन को मुआवजा की राशि चार लाख रुपये मुखिया के हाथों प्रदान कराया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, वनरक्षी राहुल कुमार एवं विरेंद्र कुमार, झामुमो पंचायत सचिव अतुल गुप्ता, वार्ड क्रमांक 8 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रवि यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित वनांचल डेंटल कॉलेज एंड अस्पताल तथा देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल द्वारा गढ़वा न्यायलय परिसर में निशुल्क मेगा मेडिकल कैप का आयोजन किया गया। चिकित्सा कैंप का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष सह बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गौतम कृष्णा सिन्हा ने किया। टीम द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजेश शरण सिंह, एडीजे संजीव कुमार सिंह, एडीजेटू संतोष आनंद, एडीजेथ्री, एडीजे पांच बिमलेश सहाय, सीजेएम बिपुल कुमार, सब जज संगीता और अन्य पदाधिकारी वीणा कुमारी, जावेद खान, अभिनव कुमार, कृष्णा लोहरा, विजय दास तथा अधिवात्तावाओं में गिरीश कुमार सिन्हा, सौरभ धर दुबे, मृतुंजय तिवारी, एस एन विश्वकर्मा तथा अन्य पदाधिकारी का निशुल्क जांच किया गया। इस मेगा कैंप में 20 डेंटल कॉलेज तथा होम्योपैथीक कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की टीम द्वारा न्यायालय के सभी न्यायधिशो, अधिवात्तावाओं तथा पदाधिकारियो का सम्पूर्ण इलाज किया गया। सभी को आवश्यक मेडिसिन किट के साथ टूथ पेस्ट भी दिया गया। इस मेगा कैंप में न्यायालय के लगभग 300 कर्मचारियों, अधिवात्ताओ तथा न्यायाधीशों का इलाज किया गया। इस चिकित्सा शिविर में डॉक्टर अखिलेश तोमर, डॉ अमित सिंह, डॉ सिद्धार्थ, डॉ म्रिन्मोय चक्रबोर्टी, डॉ अभिजीत, डॉ राजलक्ष्मी, डॉ नंद किशोर प्रसाद, डॉ जगन्नाथ सिंह, डॉ अल्पना कश्यप, राकेश, संजीव, बिरेन्द्र, अमृता, आनंद, प्रशांत, श्वेता कुमारी तथा श्री शंभू राम, अर्जुन दिक्सित इत्यादि उपस्थित रहे।

## टीबी मरीज को गोद लेना पुनीत कार्य : डॉ कुलदेव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी के द्वारा जिला यक्ष्मा केंद्र, गढ़वा में भवनाथपुर के रपुरा गांव के एक एमडीआर टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें फूड बॉस्केट के रूप में अतिरिक्त पोषण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। डॉ चौधरी ने कहा कि हम सभी जानते हैं टीवी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी होती है इसलिए उनके स्वास्थ्य सुधार लाने के लिए अतिरिक्त पोषण तत्व की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में लोगों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने की जरूरत है ताकि टीवी मुक्त भारत अभियान सफल हो सके। डॉ चौधरी ने कहा कि लगातार दो हफ्तों से खांसी, रात में बुखार, भूख की कमी, वजन में कमी आदि लक्षण महसूस हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की जांच कराएं ताकि उचित समय पर इलाज हो सके। मौके पर डीपीसी यक्ष्मा डॉ पुरुषेश्वर मिश्र, एसडीपीएस जितेन्द्र कुमार, बीपीएम समन्यवक नुरुल्ला अंसारी, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, डाटा एंट्री ऑपरेटर अनामिका देवी आदि उपस्थित थे।

## नवभारत साक्षरता आकलन जांच परीक्षा आज

**भवनाथपुर।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तत्वावधान में सभी पंचायतों में आकलन जांच परीक्षा आज आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के केंद्रवार परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक केंद्राधीक्षक जबकि पंचायत के प्रेरक सह एमटी वीक्षक होंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड साक्षरता समिति भवनाथपुर के अध्यक्ष के दिशा निर्देश में परीक्षा होगी।उक्त परीक्षा के लिये विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद, प्रमुख, उप प्रमुख 20 सूत्री अध्यक्ष तथा पंचायत के सभी मुखिया, बीडीसी एवं वार्ड सदस्य अपने अपने क्षेत्र के नव साक्षर महिला पुरुषों को परिक्षस केंद्र में भेजने के लिये प्रेरित करेंगे। प्रखंड में कुल 9 केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से से 4 बजे तक होगी।

## लोस चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त जमुआर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 13-पलामू संसदीय क्षेत्र लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल 2024, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024, अभ्यर्थिता का वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024, मतदान करने की तिथि 13 मई 2024 और मतगणना की तिथि 4 जून 2024 निर्धारित की गयी है। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे और 72 घंटे के भीतर किये जाने वाले आवश्यक कार्रवाई किये जाने संबंधी जानकारी दी गयी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
08

## तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

तमाड (आजाद सिपाही)। बुंडू थानाक्षेत्र के फुलवारटोली से तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजे गये। मिली जानकारी के अनुसार मारागहादा थाना क्षेत्र के एक पशुव्यापारी से १२ मार्च को 3 लाख 30000 की लूट हुई थी इस संबंध में तौफिक आलम ने मामला दर्ज किया था। खूंटी सीडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि यह अपराधी बुंडू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। टेक्निकल सेल की मदद से उन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से लूट के मोटरसाइकिल एक पिस्टल चार मोबाइल 80000 नगद बरामद किया गया। अपराधी राजेश मछुआ जगदीश मुंडा और पंचू लोहरा है। इस कांड में कुल सात अपराधी है ये अपराधी बुंडू फुलवार टोली के है।

## डकरा में 14 अप्रैल को मनायी जायेगी अंबेडकर जयंती

खलारी (आजाद सिपाही)। एससी एसटी ओबीसी एकता मंच कि बैठक डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता अमृत भोगता और संचालन कन्हाई पासी ने किया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जयंती की तैयारी को लेकर 20 मार्च को संध्या 4 बजे से समीक्षा बैठक की जायेगी। बैठक में देवपाल मुंडा, राम लखन गंझू, जगन्नाथ महतो, अमर लाल सतनामी, जगदीश गंझू, रामू सतनामी, राम परिखा राम, विजय विश्वकर्मा, मनोज मुंडा, नित्यानंद, सुनिल मुंडा इत्यादि मौजूद थे

## आदर्श उच्च विद्यालय में आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज परीक्षा केंद्रों पर कक्षा आठवीं बोर्ड की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त ढंग से आठवीं की सभी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्र में कुल 107 परीक्षार्थी में 104 परीक्षार्थी उपस्थित थे, जबकि तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यालय के केंद्राधीक्षक आदित्य प्रसाद साहू ने बताया कि कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा के पेपर वन एव पेपर टु की सभी विषय की परीक्षा दोनो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।आठवी बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के नौ स्कूल के बच्चे शामिल हुए जिसमे जीएमएस हेसालोंग, कोलपरा, दुल्ली, भुइयां टोली,जाह्नवी शिशु मंदिर, हरहु, कोनका मध्य विद्यालय तथा सेवा मार्ग मध्य विद्यालय के आठवीं कक्षा के बच्चे शामिल हुए।

## मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। हजारीबाग वन परिक्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ चतरा जिला के वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार और टंडवा रेंजर मुक्तिप्रकाश पन्ना भी मौजुद थे। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय ने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना ओसीपी के 142.82 हेक्टेयर वनभूमि के अपयोजन को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों से कई बातों की जानकारी ली। वहीं स्थल निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ पिपरवार कायाकल्प वाटिका का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कोयला खदान के बीच स्थित इक्को पार्क की सुंदरता और मनोरम दृश्य को देखकर जमकर प्रशंसा किया।स्थानीय अधिकारियों ने भी उन्हें क्षेत्र के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक पदाधिकारी सतीश चंद्र राय, चतरा डीएफओ मुकेश कुमार, रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, जीएम सीबी सहाय, एसओ पीएंडपी डीके शर्मा, पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, अशोक परियोजना के खान प्रबधंक एसके सिंह, सत्येंद्र कुमार सहित पिपरवार क्षेत्र के कई अधिकारी मौजूद थे।फोटो-2.स्थल का निरीक्षण करते विभागीय अधिकारी।

## शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना हम सबकी जिम्मेवारी: उपायुक्त




खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय के सभागार में शनिवार को सहायक व्यय पर्यवेक्षक, लेखाकरण टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, उड़न दस्ता टीम और स्टैटिक निगरानी टीम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त टीमों को उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही सीवीजील एप्प के माध्यम से ऑन लाइन रिर्पोटिंग के संबंध में जानकारी दी गयी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव के कार्यों के सफल संचालन में आप लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। चुनाव की घोषणा के साथ ही आपकी जिम्मेवारी बढ़ जाती है। उन्होंने टीमों के कार्य व दायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी को अपने कार्य एवं दायित्व से पूर्णत: अवगत होकर एमसीसी के लागू होते ही एक दक्ष अधिकारी के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में तीन या अधिक उड़नदस्ते होंगे, जो नकदी के अवैध अदान-प्रदान, शराब वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को घूस देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, उसका पता लागायेंगे। जांच की समस्त प्रकिया की वीडियोग्राफी कराई जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने उड़नदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम को निर्देश दिया कि सभी को अपने पोस्ट पर बने रहना होगा। साथ ही कृत कार्रवाई को सीवीजील पर अपलोड करना होगा। जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सीवीजील की कार्य प्रणाली, ऑन लाइन रिपोर्टिंग के संबंध में जानकारी दी गयी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने कहा कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के लागू होने के 48 घंटे के भीतर पूर्व से लगे सार्वजनिक स्थलों और व्यक्तिगत दीवारों पर राजनीतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन आदि को हटा दिया जाना चाहिए। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की देखरेख में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विष्णुनंद तिवारी, प्रदीप ओझा, देवेन्द्र गोप और श्रवण बारला द्वारा प्रशिक्षण में शामिल लोगों को उनके कार्य और दायित्व से अवगत कराया गया।

# खूंटी संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होगा मतदान, चार जून को आयेंगे परिणाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय क्षेत्र में 13 मई सोमवार को वोट डाले जायेंगे और चार जून को मतों की गिनती होगी। स्थानीय बिरसा कॉलेज में मतगणना होगी। देश के चौथे चरण और झारखंड के पहले चरण में खूंटी संसदीय क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पूरे संदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहितता लागू हो गई। अपने कार्यालय में शनिवार की शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी संसदीय सीट के लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 मई को नाम निदेशन की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशी



जबकि नाम वापसी की तिथि 29 अप्रैल है। 13 मई को संसदीय क्षेत्र के 1705 मतदान केंद्रो पर वोट डाले जायेंगे। इनमें 549 मतदान केंद्र खूंटी जिले में हैं। उपायुक्त ने बताया कि छह विधानसभा क्षेत्र में बंटे खूंटी संसदीय क्षेत्र के खूंटी विधानसभा में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसी प्रकार तोरपा में 252 मदान केंद्र, तमाड़ में 303, खरसावां में 282, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खूंटी संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 10 हजार 445 है, इनमें 645663 पुरुष और 666776 पुरुष मतदाता है। उपायुक्त ने बताया कि शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए खूंटी लोकसभा अंतर्गत खूंटी जिले में 38 कलस्टर और 549 बूथ बनाये गये हैं। 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो आब्जर्वर, 659 पीठासीन पदाधिकारी और इतनी ही संख्या में प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय और तृतीय मतदान पदाधिकारी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि खूंटी जिले के तमाड़ विधानसभा के अड़की प्रखंड के लिए मोहनलाल मरांडी को एआरओ बनाया गया है, जबकि तोरपा के लिए परमेश्वर मुंडा और खूंटी के लिए अनिकेत सचान को सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है। वैसे मतदान केदो को चिह्नित किया गया है। सभी बीएलओ द्वारा कैंप लगाकर तथा घर-घर भ्रमण कर वैसे मतदाताओं को चिह्नित किया गया है, जिसका मतदाता सूची में नाम नहीं है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को भी चिह्नित किया गया है। इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में पोस्टर, बैनर, चित्रांकन, पेंटिंग के अलावा नुक्कड़ नाटक, प्रभातफेरी, बैठक, सखी मंडल के साथ ही चुनाव पाठशाला का गठन किया गया है। जिला स्तर पर ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया है। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 701 पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# अर्जुन मुंडा ने पद्मभूषण कड़िया मुंडा से लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव के लिए खूंटी लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार भाजपा का प्रत्याशी घोषित किये गये स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार अपराह्न खूंटी पहुंचे और अनिगड़ा गांव स्थित पद्म भूषण कड़िया मुंडा के आवास में जाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान कड़िया मुंडा के साथ आगामी चुनाव को लेकर उन्होंने चर्चा भी की। कड़िया मुंडा ने अर्जुन मुंडा को जीत का आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान देश के लोगों को खासा प्रभावित किया है। लगातार 10 वर्ष तक शासन करने के बाद भी उनकी लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ना, बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि देश एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को देखना चाह रहा है। खूंटी के लोगों की भी यही इच्छा है।

### श्री श्याम मंडल की निशान शोभायात्रा में शामिल हुए अर्जुन मुंडा



**खूंटी।** जिला मुख्यालय खूंटी में श्री श्याम मंडल खूंटी द्वारा शनिवार को पहली बार श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। पिपराटोली स्थित श्री राम मंदिर से अपराह्न में निकाली गयी निशान शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु निशान के साथ शामिल हुए। यह शोभा यात्रा शहर के मेन रोड से होते हुए नेताजी चौक, भगत सिंह चौक का परिभ्रमण करते हुए कर्रा रोड से महादेव मंडा में पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभा यात्रा में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल हुए और शोभा यात्रा में शामिल फूलों से सुसज्जित वाहन में विराजमान श्याम प्रभु का आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा में शामिल श्री श्याम मंडल रांची की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण श्याममय हो गया। शोभा यात्रा के स्वागतार्थ विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने स्टॉल लगाकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए शीतल पेय, शरबत, फल आदि की व्यवस्था की थी। श्री श्याम मंडल खूंटी के अध्यक्ष मुकुल पिपरिया ने निशान यात्रा को सफल बनाने के लिए खूंटी के लोगों और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# चेकिंग के दौरान वियर के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** झारखंड-बंगाल के बॉर्डर पर वाहन जांच के दौरान मुरी पुलिस ने द्वारा एक चार चक्का वाहन को अवैध वियर के साथ जब्त किया और चालक भी गिरफ्तार। जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड राज्य में अवैध शराब का व्यापार पर नियंत्रण हेतु अन्य राज्यों से अवैध परिवहन पर निगरानी हेतु उत्पाद विभाग के पुलिस को प्रतिनियुक्ति किया गया है, जो थाना स्तर से पदाधिकारी के सहयोग से अवैध परिवहन का जांच किया करते हैं। वाहन जांच के दौरान शुक्रवार को संध्या 6:30



बजे बंगाल झारखंड के बॉर्डर पर बंगाल की ओर से आ रही एक इक्को स्पोर्ट कार को आईआरबी के आरक्षी 259 छोटु वृश्रिया के द्वारा रोकने के लिए हाथ खड़ा किया गया, तो कार चालक तेजी से भागने का प्रयास करने लगे, तो बॉर्डर पर ब्रेकेटिंग की मदद से वहां उपस्थित उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक चिंतलाल साह और मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक आशिष रंजन के साथ दल बल के सहयोग से गाड़ी को रोक लिया गया। जांच के क्रम में इक्को स्पोर्ट कार जेएच01बीडी 6740 के डिक्की से काफी मात्रा में अवैध वियर बरामद किया गया। चालक द्वारा सही जवाब नहीं देने पर उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक द्वारा विधिवत जब्ती सुची तैयार कर अवैध वियर को पकडा। चालक के साथ के मुरी ओपी लाया गया। चालक से पुछे जाने पर कोई भी संतोष जनक जबाब नहीं दे पाया। मुरी ओपी में उक्त चालक और कार के विरुद्ध एक औपचारिक रुप से अंकित आवेदन दिए। जिसके आधार पर मुरी ओपी काण्ड संख्या 24/2024 धारा 273/ 290 भा.द.वी. और 47 (ए) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार चालक सह गाड़ी मालिक मनीलाल जयसवाल, बाबुराम टोली थाना बुंडू निवासी हैं। जब्ती कार से 16 कार्टून अवैध वियर बरामद किया गया।

# जनता के प्रति जवाबदेही से कभी पीछे नहीं हटा: नीलकंठ

### विधायक ने किया रिपेयरिंग वर्कशॉप का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी का लगातार विकास हो रहा है। खूंटी विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग को पूरे करने का हर सभव प्रयास किया। विधायक शनिवार को खूंटी विद्युत सब स्टेशन में शनिवार ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग सेंटर का उद्धटान करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता जताई की भू गर्भ जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ करने से जलस्तर नीचे जा रहा है। लगातार पीसीसी और सड़क बनने से भी पानी बेकार बह जा रहा है। इसलिए पीसीसी के जगह वेपर ब्लॉक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। विधायक नें कहा कि क्षेत्र की जनता के प्रति जवाबदेही से कभी पीछे नहीं हटा, जनता की सेवा करना ही मेरा मकसद है। उन्होंने कहा कि खूंटी विधानसभा को आदर्श विधानसभा के रूप में परिणत करना उनका लक्ष्य है। इस



लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। यही कारण है कि आज खूंटी जिला विकास के साथ जुड़कर निरंतर आगे बढ़ रहा है। लोगों को आवागमन में कोई सुविधा न हो इसके लिए पूरे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का जाल बिछा दिया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर कार्य हो रहे हैं। जल संचयन के लिए क्षेत्र में कम से कम 1000 तालाबों की खुदाई की गई है। वहीं लोगों को निर्बाध रूप से बिजली मिले, इसके लिए खूंटी में एक पावर ग्रिड का निर्माण किया गया। अधिकांश गांवों में बिजली पहुंचाने का काम पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि आज ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप का उद्धाटन होने के बाद अब क्षेत्र के खराब होने वाले पावर ट्रांसफार्मर की मरम्मती का कार्य जल्द हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज से पहले खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को मरम्मत के लिए रांची भेजा जाता था। रांची में वर्कलोड अधिक होने के कारण समय पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराने में परेशानी होती थी, जिसका खमियाजा यहां के लोगों को उठाना पड़ता था, जो अब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि खूंटी के इस टीआरडब्ल्यू का लाभ पड़ोसी जिला के लोगों को भी मिलेगा, लेकिन इसमें खूंटी जिला को प्राथमिकता देने की बात उन्होंने अधिकारियों से कही। उन्होंने बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत तार की जगह केवल लगाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि और काशीनाथ महतो और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन पहान ने खूंटी के निरंतर विकास में विधायक के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विधायक को क्षेत्र के लिए विकास पुरुष बताया। स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता जेम्स कुजूर ने बताया कि दो-चार दिनों के बाद इस ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में ट्रांसफॉर्मर मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर विद्युत सहायक अभियंता शैलेश कुमार कश्यप, कनीय अभियंता विनोद कच्छप एवं बैकुंठ रविदास, भाजपा के जिला महामंत्री विनोद नाग, नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, रूपेश जायसवाल, जनार्दन मिश्रा, संजय भगत, विकास चौधरी, मदन गोप, बबलू ठाकुर, तकनीकी शाखा अड़की के अमित कुमार, विद्युत कर्मी अजय कुमार, विनोद कुमार टुडू, बजरंग भेंगरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित




मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कूल मैक्लुस्कीगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष सह विद्यालय का निदेशक कमल मुंडा ने खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काट कर किया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। खेलकूद प्रतियोगिता में सौ मीटर, बैलून रेस, थ्री लेग रेस, व अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कर दे कर पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक विकास होते है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुसांत कुमार पाठक, संतोष मुंडा, फुलमनी देवी, प्रीती देवी, रीना मुंडा प्रियवंदा, गीता, विनिता, सुषमा, पूनम, नेहा, दीपिका सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सीमांत क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पुलिस इसकी तैयारी में लग चुकी है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है। जानकारी के अनुसार चतरा-रांची, और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वहां नहीं चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार किट का वितरण



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा खलारी मंडल के द्वारा खलारी प्रखंड की 45 गरीब एवम गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार किट का वितरण किया।भाजपा खलारी मंडल द्वारा डकरा वीआईपी सभागार कक्ष में वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा एव संचालन महामंत्री कार्तिक पांडेय ने किया। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर और रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ के सौजन्य से गेल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर फंड से पोषाहार किट का वितरण किया गया है। शैलेंद्र शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जान धन योजना, लखपति दीदी योजना, ड्रोन दीदी योजना इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो तथा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने भी संबोधित किया।पोषाहार किट वितरण हेतु उपस्थित महिलाओं और लाभुकों ने सांसद संजय सेठ एवम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन एससी मोर्चा के महामंत्री रतनलाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी विकास दूबे, आनंद सिंह, कमलेश तुरी, राजू गुप्ता, कमलेश महतो, ममता केसरी, रविन्द्र पासवान, संजीत तुरी, सरिता देवी, नीरा देवी तथा लाभुकों में सुमित्रा देवी, झुमनी देवी, कविता देवी, ललिता कुमारी, वीना कुमारी, खुशबू कुमारी, रीता कुमारी, सुप्रिया रानी, सुनीता कुमारी, संध्या कुमारी, रेनू देवी, अनीता देवी, सुकन्ती देवी, निशा कुमारी, पूजा कुमारी सिंह, नीलम कुमारी, पिंकी देवी, गायत्री देवी, आशा कुमारी, ध्यांति कुमारी, सपना कुमारी, रौशनी देवी, सोनी, प्रिया, इत्यादि महिलाएं उपस्थित थी।

## शांतिपूर्ण माहौल में आठवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार से आठवीं बोर्ड परीक्षा की शुरूआत की गई। इस मौके पर विभिन्न परीक्षा केदो में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा की शुरूआत की गयी। जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बनाये गये परीक्षा केंद्र मे छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण माहौल में आठवीं बोर्ड की परीक्षा दिया। इस परीक्षा केन्द्र मे उत्क्रमित हाई स्कूल राय, उत्क्रमित मिडिल स्कूल पुरानीराय और उत्क्रमित मिडिल स्कूल बमने के सैंकड़ो छात्र-छात्राएं शांतिपुर्ण माहौल में परीक्षा परीक्षा दिया। परीक्षा के पहले दिन सभी बच्चों का स्कूल की शिक्षिकाओ ने तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो ने बताया कि स्कूल में बनाये गये परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण वातावरण में बच्चे परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या से निपटारा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा को लेकर शिक्षक लगे हुए हैं।

# अनगड़ा के गुंगानाला में बनेगा झारखंड का सबसे ऊंचा पुल

## खिजरी विधायक के प्रयासों से हुआ संभव : छोटेलाल महतो

**निर्माण कार्य को लेकर मिली प्रशासन की स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** हाहे-राहे पथ पर गुंगानाला में उच्चस्तरीय पुल बनने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अथक प्रयास एवं अनुशंसा पर शनिवार को झारखंड सरकार ने कैबिनेट के प्रस्ताव संख्या 32 पथ निर्माण विभाग अंतर्गत अनगड़ा प्रखंड के राहे-हाहे पथ पर 5वें किमी पर गुंगानाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 112 करोड़, 11 लाख 93 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह संभवतः झारखंड का



छोटेलाल महतो।

सबसे उंचा पुल बनेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता छोटेलाल महतो ने कहा कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अथक प्रयास के कारण ही पुल निर्माण कार्य को



स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि विधायक राजेश कच्छप जन आकांक्षाओं के अनुरूप गुंगानाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण को लेकर निरंतर प्रयासरत रहे। उन्होंने सदन में भी कई बार पुल निर्माण को लेकर आवाज उठाई थी। इस तरह से विधायक नें क्षेत्र के जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर मजदूरों के स्थायीकरण की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत पलांडू के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्र में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी मजदूरों के स्थाईकरण की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। अशोक मुंडा ने कृषि मंत्री से कहा कि संस्थान में 92 मजदूर दैनिक वेतन भोगी है और सभी कई वर्षों से स्थाईकरण की मांग कर रहे है। उन्होंने जल्द से जल्द मजदूरों को स्थाई करने का आग्रह किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 3 लोगों पर प्राथमिकी

**रातू (आजाद सिपाही)।** बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को झखराटांड़ में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में झखराटांड़ के 3 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 50 हजार रुपया का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में चंदन सिंह, दीपक कुमार साहू और अजय कुमार शामिल है। सभी झखराटांड़ के रहने वाले है। वहीं, छापामारी दल में नवनीत कुमार चौबे, विवेक द्विवेद्वी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, प्रवीण कुमार रजक, सफरुद्दीन अंसारी आदि थे। उधर, मामले को लेकर सभी लोगों पर रातू थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।

## बिजली की आंख मिचौनी व लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 24 घंटे में महज कुछ घंटों के लिए मिल रही है। शनिवार की सुबह से शाम पांच बजे तक बिजली नदारत रही। वहीं उपभोक्ता विगत एक महीने से आंख मिचौली व लो वोल्टेज स्की समस्या से परेशान हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीण बिजली विभाग की उदासीनता व लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बिजली की आंख मिचौली से अस्पताल, बैंक सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान भी प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द व्यवस्था में सुधार कर सुचारू बिजली बहाल की मांग की है।

## सरहुल त्योहार धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक पर्व सरहुल हर्षोल्लास से मनाने को लेकर नामकुम सरहुल पूजा समिति की बैठक शनिवार को टाटा रोड स्थित सरहुल ताड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता बिरसा पाहन ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से 11 अप्रैल को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वार्ड 47 के पूर्व पार्षद किरण सांगा की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि आदिवासी संगठन के लोग अपने-अपने घरों में सरना झंडा लगाने और अपने पारंपरिक संस्कृति वेश-भूषा में सरहुल महापर्व मनायेंगें। बैठक में जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, आरती कुजूर, बलराम कोरियर, दुर्गा कोरियर, बादल सांगा, सुनील मुंडा, अरुण कोरियर, अनिल मुंडा, सोनल कच्छप, बिकु सिंह, श्याम मुंडा, ज्ञानी मुंडा, शुभम लकड़ा, संजू लकड़ा, राज मुंडा, मोनित सांगा, बिट्टू गोप, प्रकाश लिंडा आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुघर्टना में व्यक्ति की मौत

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** मदरसा चौक पर शनिवार की देर शाम हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह सड़क पार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई है। समाचार लिखे जाने तत उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

## गांजा व अवैध देसी शराब बेचनेवाला गिरफ्तार

**कांके (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के चौड़ी बस्ती निवासी राजन कुमार को गिरफ्तार किया। उसकी गुमटी से पुलिस ने 15 पुड़िया गांजा और 180 एमएल के 22 बोतल देसी शराब भी बरामद किया था। डीएसपी मुख्यालय वन अमर कुमार पांडेय ने मिली गुप्त सूचना पर छापामारी की थी। शनिवार को उसको जेल भेज दिया गया।

## मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया बोरवेल गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना



**मांडर (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र के मांडर प्रखंड में चापानल निर्माण कार्य के लिए बोरवेल गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लोगों ने पानी की समस्या से अवगत कराया। हमें इस पर काम करना चाहिए और आज हमने अपने पूरे विधानसभा के पंचायत में 10-10 चपानल दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, नसीम अंसारी , आबिद अंसारी,एहसान अंसारी, सरीता तिग्गा आदि मौजूद थे।

## कांके में भारत चावल व आटा विक्रय का शुभारंभ

**कांके (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) कांके रोड शाखा की ओर से भारत चावल, आटा और चना दाल के विक्रय का शुभारंभ प्रखण्ड परिसर में किया गया। अरसंडे पंसस लालचंद सोनी, कांके दक्षिणी पंसस अख्तर हुसैन, मनोज झा, शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार, विपिन कुमार और रणधीर कुमार ने इसका शुभारंभ किया।

# आसमानी बिजली की चपेट में आने से छात्रा की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के बेंती गांव में शनिवार की शाम करीब चार बजे बज्रपात की चपेट में आकर सुमन कुमारी नामक 17 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। बताया जा रहा कि वह अपने घर से थोड़ी दूर बेंती गांव में ही निमार्णाधीन एकलव्य विद्यालय में मजदूरी कर रही थी। उसके हाथ में मोबाईल फोन भी था। इसी दौरान बज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण उसे इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले जा रहे थे पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि मृतका गेतलसूद स्थित मां शारदा पब्लिक स्कूल की छात्रा थी और मैट्रिक की परीक्षा में भी शामिल हुई थी। इस खबर से गांव में मातम छा गया। मां बिरसी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, गांव के सहायक अध्यापक अजय कुमार मुंडा ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने की वजह से मृतक सुमन कुमारी मजदूरी करने पर विवश थी।

# आजसू की बैठक में नामकुम प्रखंडस्तरीय कमेटी का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय राजाउलातु में आजसू की नामकुम प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो व संचालन केंद्रीय सचिव जितेंन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान नामकुम प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें रतनलाल सिंह होण्डा को प्रखंड अध्यक्ष, राजू उरांव महासचिव, विनोद मुंडा, विशाल सिंह, वीरेंद्र पांडेय, संभु वर्मा को सचिव, राकेश कुमार सिंह, विनोद



महतो को कार्यकारी अध्यक्ष, विवेक कुमार गोप प्रवक्ता, अमरजीत सिंह, राजकिशोर महतो, अघनु महतो, मधु सिंह बिझिया, शैलेन्द्र सिंह बिंझिया को सह सचिव, अचल राय तिर्की कोषाध्यक्ष, मंटू पाहन, जयपाल सिंह मुंडा, प्रमोद सिंह, दिलीप महतो, दूधेश्वर प्रामाणिक, आकाश महतो, विक्रांत सिंह, राजेश मुंडा को उपाध्यक्ष के अलावा 11 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मौके पर केंद्रीय महासचिव रामजी यादव, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुधीर यादव, सचिव राम दुर्लभ सिंह मुंडा, पारसनाथ उरांव, संजीव कुमार सिंह, जलनाथ चौधरी, भगवान यादव, माथुर प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, सावित्री देवी, सारदा देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, पिंकी देवी, दसमी देवी आदि मौजूद थे।

# बेड़ो सब्जी मंडी में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित झारखंड की प्रसिद्ध सब्जी मंडी (सोमवार, गुरुवार और शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार) में सुविधाओं की घोर कमी है। जबकि यह क्षेत्र सब्जी उत्पादन में प्रमुख स्थान रखता है। यहां चार जिलों के किसान अपने उत्पादित सब्जी की बिक्री के लिए इसी सब्जी मंडी में आते है। जिसे खरीदने के लिए भी कई राज्यों, जिलों व स्थानीय व्यवसायी प्रतिदिन आते हैं। 25 लाख रुपये का राजस्व देने वाली इस मंडी में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। इस बाजार में न तो व्यवसायियों को पीने के लिये पेयजल उपलब्ध है और ना ही लाइट की व्यवस्था



है। ना ही बढ़िया शेड ही है। जिससे खुले आकाश व जर्जर शेड के तले व्यवसायी सब्जियों की खरीद-बिक्री करने को मजबूर है।

### मंडी परिसर असुरक्षित

बेड़ो सब्जी में सुरक्षा का अभाव साफ दिखता है। परिसर में अलग-अलग जगहों पर कई बार दुकानों में चोरी के साथ हत्या की घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं होने से कई जगहों पर अंधेरा छाया रहता है। जिससे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगता है। यही नहीं, मंडी में पेयजल के लिए भी व्यवस्था नहीं होने से गर्मी में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

### शेड की स्थिति खराब

सब्जी मंडी में बनाए गए शेड खस्ताहाल हो चुके हैं। शेड का पिलर कभी भी टूट कर गिरने की कगार पर है। यहां बारिश के दिनों में जर्जर शेड के ऊपर ही त्रिपाल बांधकर दुकान लगाया जाता है। ऐसी जर्जर अवस्था में ही दुकानदार व व्यापारी मजबूरन जान जोखिम में डालकर दूकान लगाने को मजबूर हैं। कई बार तो मौसम की मार से सब्जी खराब होने के साथ ही व्यवसायी बीमार तक पड़ जाते है। व्यवसायियों व दुकानदारों का कहना है कि इस बाजार में शेड निर्माण स्ट्रीट लाइट के साथ ही अन्य सुविधाओं की बहाली के लिये स्थानीय से लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर रहा है।

## रातू के कमड़े में सांसद - विधायक ने रखी पीसीसी पथ की आधारशिला

# नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री चुनने का समय आ गया: सांसद

**मतदाताओं से मतदान के महापर्व में शामिल होने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखण्ड के कमडे स्थित दाल मिलगली में विधायक ग्लेनजोसेफ गॉलस्टीन की ओर से अनुशंसित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली लगभग एक किलोमिटर पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जयसवाल ने नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास समारोह में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ व विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार ने जितने विकास के कार्य



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते रांची के सांसद संजय सेठ व विधायक नवीन जायसवाल।

किए हैं वो पिछले कई दशक में किसी सरकार की ओर से नहीं किए गए थे। अब समय आ गया जब लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी एक बार फिर से मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री चुनकर भेजे। कार्यक्रम को विधायक ग्लेन जोसेफ गॉलस्टीन के प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जेम्स बॉन खलखो, मुखिया नीलम तिर्की, मिथलेश कुमार, देवेंद्र सिंह, रुपेश गोप, अमित गोप, सुरेन्द्र कच्छप, ममता देवी, जयंत कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने बाइक चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** ग्रामीणों ने शनिवार को एक बाइक चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिला के केरेडारी निवासी मुकेश कुमार की बाइक केरेडारी से शनिवार की सुबह चोरी हो गई। मुकेश को पता चला कि चोर बाइक को लेकर ठाकुरगांव की ओर गया है। मुकेश ने तुरंत इसकी सूचना अपने ससुर सिकंदर साहु को दी। जिसके बाद वे बाइक की खोज में ठाकुरगांव की ओर जाने लगे। तभी बाइक को मलमाडु मोड़ के पास देखा और इसके पास जाने लगे। यह देख चोर बाइक लेकर ठाकुरगांव की ओर भागने लगा। पर उसका पीछा करते ठाकुरगांव में ग्रामीणों के सहयोग से चोर को पकड़ लिया गया। जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया। आरोपी संजय उरांव रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# लापुंग में आठवीं बोर्ड परीक्षा छह केंद्रों में शांतिपूर्ण संपन्न



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शनिवार को आठवीं बोर्ड की परीक्षा 6 केंद्रों के माध्यम से शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, जातालोया, ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सारसा, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग कुल छह परीक्षा केंद्र में दो पाली में परीक्षा हुई। परीक्षा को कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई थी। ककरिया में 101 में , 263 राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, ककरिया 185 में, प्लस टू उच्च विद्यालय 334, जतालोया में 309 व सारसा में 91 कुल 1283 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 31 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## कांके पतराटोली से किशोर लापता

**कांके (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतरा टोली गांव से मानसिक तौर पर विक्षिप्त किशोर शिवम इंदवार (15) विगत 13 मार्च से लापता है। वह घर से सुबह नौ बजे निकाला था, उसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटा। इस संबंध में कांके पुलिस को सूचना दी जा सकती है। पुलिस जांच में जुट गई है।



## होचई में केसी कॉन्वेंट प्ले स्कूल का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र होचई में केसी कान्वेंट प्ले स्कूल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, हरीलाल मुण्डा ,बाबूलाल महली स्कूल के करम चंद उरांव, प्रिंसिपल विनीता तिगा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा की होचाई जैसे जगह में प्ले स्कूल के खुलने से गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। मौके पर उप मुखिया संतोष गुप्ता आदि मौजूद थे।

## गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण किट का वितरण

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी में गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी ,पंचायत समिति सदस्य ललीता मेहता, मुखिया दीपक बड़ाइक ,उप मुखिया संतोष गुप्ता ,ग्राम प्रधान दीन दयाल लोहरा, समाज सेवी रामकुमार महतो, पतरस करमाली, आनंद महतो, शशी मेहता, दीपा चौरसिया, ममता देवी, मुनी देवी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## मांडर महाविद्यालय में गेट पर अभाविप का प्रदर्शन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** छात्र हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को मांडर महाविद्यालय के गेट के समक्ष अभाविप की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी छात्रओं ने मांग की कि छात्रहित की सारी समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाए। महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था हो। पेयजल के लिए फ्रीजर एवं वाटर फिल्टर की व्यवस्था की जाए। खेलकूद की सामग्री उपलब्ध हो। जो चार नए भवन बनकर तैयार है उसमें बेंच और पठन पाठन की व्यवस्था की जाए। करीब चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन के बाद प्रभारी प्राचार्य फैयाज अहमद ने तुरंत रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से फोन कर संपर्क साधा। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले से रजिस्ट्रार को अवगत करवाया। जिसके बाद उनके आदेश पर विद्यार्थी परिषद की मांगों को स्वीकार करने का आश्वासन दिया गया। कहा गया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन 24 घंटे के अंदर जो संभव होने वाली मांगे हैं उन्हें पूरी करेगी। प्राचार्य फयाज अहमद के प्रभार लेने के बाद मांडर महाविद्यालय में सकारात्मक कार्य देखने को मिला है। वहीं, रजिस्ट्रार के आदेश के बाद प्राचार्य ने ज्ञापन लेकर विश्वविद्यालय तक छात्रों की मांग को पहुंचाने एवं उसे पर आगे कार्रवाई बढ़ाने की बात करते हुए छात्रों को पानी पिलाकर उनका आंदोलन समाप्त करवाया।

## देश को विकसित बनाने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार : बबलू सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से चलाया जा रहा भारत संकल्प यात्रा रथ शनिवार को मोहम्मदगंज मंडल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से सुझाव पत्र लिया। उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवींद्र कुमार उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में आद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कार्यों की प्रशंसा हो रही है। आम जनता का सुझाव भाजपा लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र में शामिल करेगी। यह कार्यक्रम देश के अलग-अलग हिस्सों के साथ ही झारखंड के प्रत्येक मंडल-गांव में भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही लाना है। जिसके लिए शहर से लेकर गांव तक के कार्यकर्ता जुटे हैं। इस मौके पर मोहम्मद गंज मंडल के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, आलोक कुमार सिंह, कामेश्वर मेहता, गुप्ता राम, सुशील मेहता, दिलीप कुमार, मुन्ना सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित होकर लोगों से सुझाव लिये। साथ ही लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प दिलाया।

## सड़क दुर्घटना में मृत पीडीएस डीलर के पुत्र को मिला 12 लाख रुपये का चेक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक डीसी फैक्ट्री शाखा की ओर से दुर्घटना बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा का लाभ परिजनों को दिया गया। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार तिवारी ने 12 लाख रुपए का चेक वितरीत किया। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद प्रखण्ड के जपला निवासी लखन देव सिंह ने वर्ष 2020 में इन दोनों योजनाओं के तहत बीमा कराया था। इसमें नॉमिनी के रूप में उनके पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद सिंह का नाम दोनों योजनाओं में था। जिसमें दो-दो किस्त भरने के बाद लखनदेव सिंह की फरवरी 2023 में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके बाद शनिवार को नॉमिनी शत्रुधन प्रसाद सिंह की दुर्घटना बीमा की कुल राशि क्रमशः 10 लाख व दो लाख रुपए दिया गया हैं। इस मौके पर शाखा प्रबन्धक के अलावा ग्राहक सेवा केंद्र संचालक मनोज कुमार गुप्ता, सूरज प्रकाश, सुमन कुमारी एवं बीमा कम्पनी के वेद प्रकाश सिंह, आलोक कुमार सिंह व विश्वरंजन सिंह और रामाश्रय राम आदि मौजूद थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था लचर: संदीप



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था को लेकर एनएच-98 स्थित होटल विजय तारा में युवा एकता मंच छतरपुर पाटन विधानसभा के अध्यक्ष सह सोसल एक्टिविस्ट संदीप सरकार की ओर से संवाददाता सम्मेलन किया गया। जिसमें में मुख्य समस्या पर चर्चा की गई। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था, छतरपुर प्रखंड में अबुआ आवास चयन में अनियमिता, प्रखंड क्षेत्र के अतिसुदुर्वर्ती इलाके में बढ़ती गर्मी से जल संकट छतरपुर में व्याप्त भ्रटाचार एवं शिक्षा व्यवस्था सहित तमाम मुद्दे को लेकर कई आरोप लगाए गए। मौके कर युवा संगठन के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मुख्य सलाहकार कलापहाड़ पंचायत मुखिया पति प्रमोद कुमार यादव, डॉ अजय कुमार,सुनील दास,संजय,डॉ आनंद कुमार यादव, नूरी खातून,रीना देवी उपस्थित रहे। वहीं, छतरपुर प्रखंड में अबुआ आवास चयन में अनियमिता, प्रखंड क्षेत्र के अतिसुदुर्वर्ती इलाके में बढ़ती गर्मी से जल संकट छतरपुर में व्याप्त भ्रटाचार एवं शिक्षा व्यवस्था सहित तमाम मुद्दे पर मीडिया के समक्ष अपने विचार रखे। मौके कर युवा संगठन के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मुख्य सलाहकार कलापहाड़ पंचायत मुखिया पति प्रमोद कुमार यादव, डॉ अजय कुमार,सुनील दास,संजय,डॉ आनंद कुमार यादव, नूरी खातून और रीना देवी उपस्थित रहे।

### एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी वीवीटी का दिया गया प्रशिक्षण

# सभी अधिकारियों को सजग-सचेत होकर कार्य करने का मिला निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी वीवीटी और डीएलबीसी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी एफएसटी/एसएसटी के सदस्यों को ईएसएमएस ऐप अवश्य डॉउनलोड करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस ऐप के ही माध्यम से जांच की कार्रवाई की जानी है। चेकिंग के दौरान जिस विभाग से कार्रवाई होनी है, उस संबंधित विभागीय अधिकारी को अवगत कराएं। विभागीय टीम आने के बाद ही कार्रवाई पूर्ण करें। उन्होंने टीमों से कहा कि टीम द्वारा हथियार, शराब, रुपए व अन्य वितरण किए जाने वाली वस्तुओं के पकड़े जाने पर तत्काल टीमें प्रभावी कार्रवाई करेंगी। किसी स्थान पर जनता को प्रलोभन में लेना व जनता को धमकाने वाली शिकायत पर टीमें तत्काल पहुंच कर अगला कार्रवाई करेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान समस्त एसएसटी टीम चेकपोस्ट बनाकर चेकिंग का कार्य करेंगी और एफएसटी टीम अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए किसी राजनीतिक दलों द्वारा जनता को प्रलोभन व धमकाना पर प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगी। इस दौरान एफएसटी टीम को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं सी विजिल एप के बारे में भी विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार,व सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी संबंधितों को उनके कार्यों से संबंधित विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी। मौके पर उपरोक्त टीमों के विभिन्न सदस्य मौजूद रहे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन।

## असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : सौरभ

**होली और रमजान को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** होली और माह-ए-रमजान को लेकर शनिवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। बैठक में होली पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने और रमजान के पाक महीने में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। पुलिस गस्त भी बढ़ाया जायेगा। शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। किसी भी अफवाह में नहीं पड़ें। अफवाह फैलाना भी कानून अपराध है। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि आपस में मिल जुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है। बैठक में प्रथम नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, निवर्तमान वार्ड आईसुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, देवनाथ यादव, मनीष कुमार, समाजसेवी विजय कुमार रवि, गोपाल सोनी, संजय उपाध्याय, विशाल चौधरी, राजन पांडेय अरुण गुप्ता, किशोर कुमार, दयाल विश्वकर्मा, विकाश चौबे, दिलीप चौधरी, राज कुमार मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## विकास के बल पर मिलेगा जनता का आशीर्वाद : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा अंतर्गत सतबरवा प्रखंड में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने ग्राम धावाडीह में करीब पौने तीन किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण और प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के ग्राम महरजा पिपरा खुर्द में उपस्वास्थ्य केंद्र एवं तरहसी प्रखंड के ग्राम सोनपुरा में धुबडीहा मुख्य पथ से परमेश्वर साव के घर होते हुए लालीमाटी तीन मुहान तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि सबका साथ सब का विकास के साथ मोदी सरकार में स्वार्गिन विकास हुआ है। लोकसभा चुनाव में अबकी बार पांकी विधानसभा से डेढ़ लाख पार। मौके पर उपस्थित प्रों बच्चन ठाकुर, समाजसेवी संजय चंद्रवंशी समाजसेवी, कमेश यादव, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, प्रतिनिधि निर्मल मेहता,परमेश्वर साव, गुड्डू पासवान उर्फ शशिभूषण पासवान मुखिया पाईनियर पांडे, अशोक यादव, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, महेश यादव, चंचल यादव, आशीष सिन्हा, जितेंद्र मेहता,सुरज कुमार, राजेंद्र सिंह, अजय मेहता, एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य: डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद शनिवार को नेत्र रोगियों के बीच मुफ्त दवा और चश्मा का वितरण किया गया। चश्मा और दवा का वितरण विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि नेत्रों की ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इसी सोच के तहत लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल क्षेत्र में हर वर्ष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाते रहता है। आगे भी समय व जरूरत के अनुसार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एलसीएमएच में सभी तरह का ऑपरेशन निःशुल्क किया जा रहा है, जैसे बच्चेदानी, हर्निया, अपेंडिस, नॉर्मल डिलीवरी, ऑपरेशन से प्रसव आदि। कई तरह के जांच भी निःशुल्क है। मौके पर नेत्र सर्जन डॉ दीपक लकड़ा, डॉ राजीव कुमार गुप्ता, प्राचार्य बिबेक कश्यप, डॉ कुंदन, डॉ आशुतोष, डॉ प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट नीतीश कुमार, सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अपार संभावनाएं : अमृत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में शुक्रवार की देर शाम जिलास्तरीय दिवा-रात्रि बॉलीबॉल टूर्नामेंट का रआगाज हुआ। जिसका उद्घाटन वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो.नंदलाल शुक्ला और संचालन पंडित विजय कांत शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि अमृत शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें संसाधन और उचित प्लेटफार्म देकर मुकाम तक पहुंचाने की। हम इस प्रयास में लगे भी हुए हैं। इसी प्रयास का नतीजा इस टूर्नामेंट का आयोजन है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कैरियर मिल सकता है। बस युवा लगन और मेहनत के साथ जुट जाएं। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आने दिया जायेगा। उद्घाटन मैच डाल्टनगंज बनाम मझिआंव- गढ़वा के बीच खेला गया। जिसमें डाल्टनगंज की टीम ने मझिआंव टीम को तीन-दो से पराजित किया। दूसरा मैच मेराल और डीहरीया टीम के बीच खेला गया। जिसमे डिहारिया ने एकतरफा मुकाबले में मेराल को दो शून्य से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,मुखिया रवि शंकर चौबे,मनीष कुमार,ज्वाला गुप्ता,राजेश शुक्ला,राजेश मार्शल,दिनेश कुमार,भूषण शुक्ला,अजब नारायण शुक्ला,आलोक शुक्ला,श्यामलाल शुक्ला,मार्कण्डे चौबे,दिनेश शुक्ला,मिथलेश चौबे,सिद्धांत दुबे,आयुष शुक्ला,पियूष शुक्ला,पृथ्वीराज शुक्ला,मृत्युंजय दुबे पप्पू,दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## होली को लेकर हुसैनाबाद में शांति समिति की बैठक, मिलजुल कर मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** रंगों के त्योहार होली को लेकर शनिवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रोशन कुमार और संचालन थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि वर्षों से शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाया जाता रहा है। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर इस बार भी सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगोत्सव मनाएं। यदि किसी असमाजिक तत्वों द्वारा कोई उत्पात मचाई जाती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। होली के अवसर पर डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजने चाहिए। हुसैनाबाद पुलिस क्षेत्र में शांति व सौहार्द के लिए 24 घंटे सेवारत है। वहीं, बीडीओ ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक चीजें पोस्ट न करें। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, वरिष्ट अधिवक्ता सह समाजसेवी चंद्रेश्वर प्रसाद, आलोक कुमार, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, श्रवण अग्रवाल, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, अब्बास अंसारी, जाकिर अली उर्फ राज अली, सुहैल आलम, अर्जुन प्रसाद, अजय गुप्ता, मुखिया नरेश पासवान, शिवशंकर यादव, डॉ अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भरोत्तोलक अंचित शिउली शर्मनाम हरकत हरकत करते हुए पकड़े गए हैं। उन्हें राष्ट्रीय शिविर से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 3 विकेट से हराया

**चट्टोग्राम (एजेंसी)।** श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। चट्टोग्राम में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 286 रन बनाए। श्रीलंका ने 47.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका से ओपनर पथुम निसांका ने 114 रन बनाए और अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया। दूसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा। जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही, टीम ने पहले ही ओवर में लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया।

### वेटलिफ्टिंग : शिउली की पेरिस ओलंपिक पहुंचने की उम्मीदें धूमिल

# स्वर्ण जीतने वाले एथलीट की शर्मनाक हरकत, राष्ट्रीय शिविर से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक को होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है और सभी एथलीट अपना बेस्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी तैयारियां कर रहे हैं। इसके लिए कई स्थानों पर राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए गए हैं जहां खिलाड़ी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद देश की उम्मीदें एथलीटों से बढ़ गई हैं। इस बीच बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारोत्तोलक अचिंत शिउली शर्मनाक हरकत करते हुए पकड़े गए हैं। मीडियो रिपोर्ट के



मुताबिक, शिउली को एनआईएस पटियाला में रात में महिला हॉस्टल जाते वक्त पकड़ा गया है। इस हरकत के बाद उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए लगाए गए राष्ट्रीय शिविर से भी बाहर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह घटना गुरुवार रात की है। मामला सामने आने के बाद भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता कतई बर्दाशत नहीं जाएगी। शिउली को तुरंत शिविर से जाने के लिए कहा गया है। पुरुषों के 73 किग्रा वर्ग में उतरने वाले 22 वर्ष के शिउली को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा और उनका वीडियो भी बनाया।

### वीडियो से नहीं मिले साक्ष्य

शिउली की इस हरकत के बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और एनआईएस पटियाला के कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार को इसकी जानकारी दी गई। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने जो वीडियो बनाया था उसमें शिउली के खिलाफ साक्ष्य नहीं मिले जिसके कारण साई ने जांच समिति का गठन नहीं किया। पटियाला में लड़के और लड़कियों के लिए अलग हॉस्टल है। इस समय महिला मुक्केबाज, एथलीट और पहलवान एनआईएस पटियाला में है। शिउली पहले भारोत्तोलक नहीं है जिन पर अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्रीय शिविर से हटाया गया है। उनसे पहले भारोत्तोलन महासंघ ने राष्ट्रमंडल और युवा ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिनुगा को भी इसी वजह से राष्ट्रीय शिविर से हटाया था। राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद शिउली से पेरिस ओलंपिक में बेहतर परिणाम प्राप्त करने की उम्मीद बढ़ गई थी, लेकिन शिउली इस महीने थाईलैंड के फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप नहीं सकेंगे जो पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए अनिवार्य था। इसके साथ ही शिउली की ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी धूमिल हो गई। अभी तक टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू (49 किग्रा) और राष्ट्रमंडल खेल रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी पेरिस ओलंपिक की दौड़ में है। दोनों फुकेट में टूर्नामेंट खेलेंगी।

## होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना परिसर में शनिवार को होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी संतोष कुमार दास व संचालन डॉ वीपी शुक्ला ने किया। बैठक में होली पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रमजान के पाक माह में भी शांति व्यवस्था कायम रखने का भी फैसला लिया गया। बीडीओ चंदेश्वर कुमार ने कहा कि आपस मे मिलजुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पुलिस गस्ति भी बढ़ाई जायेगी। कानून का उलंघन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में डांस डीपी शुक्ला,फिरोज खान,अनुज चौधरी,वचनदेव चौधरी,प्रियव्रत सिंह,गुलाम नबी अंसारी,मजमुदीन कादरी,आलोक शुक्ला,दिनेश शुक्ला,रामचंद्र साव,संतोष गुप्ता,विजय गुप्ता,संतोष राम,मणिभूषण पांडेय,सुनील तिवारी,सुमित कुमार,अमरेश तिवारी,मखीरन तिवारी,ज्वाला गुप्ता,सुरेंद्र भारती,नाजमुदिन नूरी,संजय मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# ज्वलंत 17 सूत्री मांगों को लेकर यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता




आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बरोरा प्रक्षेत्र वन के मजदूरों की ज्वलंत समस्यों को लेकर बिहार जनता खान मजदूर संघ व प्रबंधन के साथ बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को वार्ता हुई। जिसमें यूनियन और प्रबंधन के बीच 17 सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह, शिवधारी सिंह, रविंद्र सिंह, राजेंद्र गोप, रामु साव, महेश कुमार, रत्नेश कुमार, संजय सिंह प्रो टीपी पांडेय, सुरेश राय, विनय शंकर पांडेय, बसंत परमार, विनोद रवानी, मुन्ना सिंह, बृजेश चौबे, भोला दुबे, अनिल भारती, विशाल सिंह और प्रबंधन की ओर से बरोरा एरिया वन महाप्रबंधक पीयूष किशोर, कार्मिक प्रबंधन संतोष कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ईएनएम अभय नारायण और असैनिक अभियंता दीपक कुमार शामिल हुए। वार्ता में दामोदा कोलियरी के मृत कर्मी कैलाश हाडी के आश्रित विष्णु कुमार को जल्द नियोजन देने, गर्मी के पूर्व श्रमिक कालोनियों में पानी की व्यवस्था करने, बरोरा क्षेत्र संख्या वन के क्षेत्रीय सलाहकार समिति, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति व कल्याण समिति की बैठकों में यूनियन के सदस्यों को मनोनीत करने आदि मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रबंधन ने 10 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## कदाचार मुक्त संपन्न हुई आठवीं बोर्ड की परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरोचट्टी।** झारखंड अर्जित परिषद रांची की ओर से आयोजित आठवी बोर्ड की परीक्षा शनिवार को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कदाचारमुक्त संपन्न हुई। गोमिया प्रखंड में आठ परीक्षा केंद्रो प्लस टू उच्च विद्यालय में 602, उच्च विद्यालय होसिर में 335, मॉडर्न हाई स्कूल गोमिया में 238, हाई स्कूल महुआटांड में 480, मध्य विद्यालय होसिर में 475, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी में 618, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकीसिधावारा में 287, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिरला में 591 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कई परीक्षा केंद्रो में विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने आठ विषयों हिदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत एवं साइंस, उर्दू, खोरठा, संथाली की परीक्षा दी। परीक्षा पहली पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली में दो बजे से शाम 5.15 बजे तक हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा के दिशा निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई।

## लोकसभा चुनाव में लेन देन पर होगी पैनी नजर



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीएलबीसी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ महादेव महतो ने की। इसके बाद गोमिया बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी बैंकर्स से कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए एक लाख से ऊपर के नकद लेन-देन या राशि स्थानांतरण का पुख्ता लिखित कारण बताना होगा। साथ ही बैंक में जो लेन-देन हो उस पर नजर रखी जाए। इसके अलावा राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से लाभुकों को पेंशन से संबंधित जो सुविधाएं भेजी जा रही है उसका पालन हो। दरअसल कुछ लाभुकों की मामूली गड़बड़ी के कारण पेंशन का लाभ नहीं मिल पाता है। उसे प्रखंड स्तर से सुधार कर भेजा जा रहा है। वैसे लाभुकों का पेंशन समय पर क्लीयर किया जाय। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन रेगुलर करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में एलडीएम आबिद हुसैन और नाबार्ड के अधिकारी सहित बीओआई, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी सहित अन्य बैंक के प्रतिनिधि शामिल थे।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने की बैठक



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीडीओ मधु कुमारी एवं सीओ कृष्ण कुमार मरांडी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ चुनाव को लेकर बैठक की। जिसमें विशेष रूप से आचार संहिता से जुड़े मामलों को बताया गया एवं आचार संहिता लागू होने पर अविलंब झंडा, बैनर, पोस्टर हटाने को कहा गया। सभी राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोगों से चुनाव के दौरान दीवार लेखन आदि को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सरकारी भवन, बिजली, खंभे, स्कूल सरकारी, अस्पताल, प्रखंड कार्यालय आदि जगहों पर किसी तरह का राजनीतिक पोस्ट नहीं लगाने को कहा गया है। अगर किसी ने लगाया है तो उसे आचार संहिता लागू होने के 24 घंटा के भीतर उतार लें। बैठक में निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा, डीएन यादव, बिट्टू मिश्रा, सुनीता सिंह, रंजीत बाउरी, निशिकांत मिश्रा, बापी सेनगुप्ता आदि मौजूद थे।

## दो पिकअप जब्त, 19 गोवंश कराये गये मुक्त

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** अवैध गोवंश तस्करी के विरूद्ध गिरिडीह एसपी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में डुमरी व निमियाघाट थाना द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर शुक्रवार की रात चिरैया पुल के पास दो वाहनों को जब्त किया गया। दोनों वाहनों से 19 मवेशी छुड़ाए गए, जिन्हें कसाई खाना ले जा या जा रहा था। इस बाबद वाहन चालक, मालिक, खलासी, पशु तस्करी में शामिल लोगों के विरूद्ध कांड अंकित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों में रियाज अंसारी (31), मनान अंसारी (55) मनसुर अंसारी (26) और सदीक अंसारी (46) शामिल हैं।

## रति लाल टुडू को गिरिडीह के लोस प्रत्याशी बनाने की मांग

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कुमारजोरी पासी टांड में शनिवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने बैठक की। जिसमें पार्टी आलाकमान से बाघमारा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रति लाल टुड्डू को गिरीडीह लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने की मांग की है। झामुमो के पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष (युवा मोर्चा) पंकज दिनकर ने कहा कि गिरीडीह आदिवासी बहुल क्षेत्र है। रतिलाल को प्रत्याशी बनाने से झामुमो की जीत निश्चित होगी।

### फर्जी लिंक भेजकर अस्पतालों में चिकित्सक का नंबर लगवाने का देते थे झांसा

# गिरिडीह से 4 साइबर ठग गिरफ्तार



साइबर ठगों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा की कुशल रणनीति के एक के बाद एक साइबर ठग सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर गिरिडीह के गांडेय, मुफ्फसिल, डुमरी थाना क्षेत्रों में सक्रिय साइबर ठग गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उनकी पहचान विजय कुमार महतो (23), अमन सिंह (23), मो शरीफ अंसारी (22) और राहुल कुमार (19) के रूप में हुई है। विजय गिरिडीह जिले के ही डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो का रहने वाला है। वहीं, मो शरीफ गांडेय थाना क्षेत्र के लेदो और राहुल जमुआ थाना क्षेत्र के जियोटोल का रहने वाला है। जबकि अमन धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापाड़ा मुहल्ला का रहने वाला है। इनके पास से छह मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड, एक एटीम कार्ड, पासबुक, आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक गिरिडीह एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि गाण्डेय, मुफ्फसिल, डुमरी थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी भोलेभाले लोगों से ठगी कर रहें है। इसके बाद गिरिडीह साइबर अपराध शाखा पुलिस उपाधीक्षक आबिद खान के नेतृत्व में टीम गठित कर पुनि सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनि रोहित कुमार महतों, पुअनि पुनित कुमार गौतम, सअनि गजेन्द्र कुमार, सौरभ सुमन, जितेन्द्रनाथ महतो, अरविंद कुमार के सहयोग से छापामारी करते हुए अलग-अलग स्थानों से कुल चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की मानें तो आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। बताया कि वे फर्जी सिम से लिंक भेज कर अस्पताल में चिकित्सक के पास नंबर लगवाने और राशन कार्ड बनवाने के नाम पर भोलेभाले लोगों से ठगी किया करते थे। गुगल से पेट्रोल पम्प के मालिक का नंबर खोज कर खुद आप को उस एरिया का थाना प्रभारी बनकर अपने बेटे का मेडीकल इलाज करवाने के नाम पर पेट्रोल पंप के मालिकों से भी ठगी कर चुके हैं। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है। गौरतलब हो कि इससे पहले भी एसपी की सक्रियता के चलते कई साइबर ठगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो अलग-अलग तरह के फर्जी तरीकों से लिंक भेज कर लोगों से ठगी कर चुके हैं।

# जेपीएससी की परीक्षा आज, सभी 65 सेंटर पर निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता (जेपीएससी) परीक्षा 2023 रविवार को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी। अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा-144 (निषेधाज्ञा) जारी कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि रविवार को जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 दो शिफ्ट में संपन्न होगी। प्रथम शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक व द्वितीय शिफ्ट दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगाना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग और अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने व कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त निषेधाज्ञा परीक्षा अवधि तक लागू रहेगी।

# गिरिडीह लोस में 25 मई को मतदान




- 29 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि छह मई
- अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि नौ मई व मतगणना चार जून को
- 18,01,845 (9,35,046 पुरुष व 8,66,782 महिला) मतदाता करेंगे मतदान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (32 गिरिडीह, 33 डुमरी, 34 गोमिया, 35 बेरमो, 42 टुंडी एवं 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र) के लिए छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि छह मई, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी सात मई, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि नौ मई, मतदान की तिथि 25 मई एवं मतगणना की तिथि चार जून निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव ने दी। वह शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। मौके पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 18,01,845 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 09,35,046 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 08,66,782 है। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 17 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 34,896 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18,309 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 5,891 है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1362 भवनों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2160 है। वहीं, डीसी ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी। बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। मौके पर चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, डीएलओ द्वारिका बैठा, नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, शक्ति कुमार, पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

# पुलिस पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव के निमित्त उनके दायित्वों की दी गयी जानकारी

स्वीप कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रणाली और निर्वाचन के दौरान उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दी। इसके अलावा मतदान के महत्व और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी संबंधित को सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सभी अपने स्तर से भी स्वीप एक्टिविटी करें, ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके।

# धनबाद लोकसभा सीट से सुनैना किन्नर भी लड़ेगी चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष वा मनाईटांड़ कुम्हार पट्टी की रहने वाली सुनैना सिंह किन्नर ने भी इस बार चुनावी ताल ठोक दी है। सुनैना ने शनिवार को कहा कि वो उस बार धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। वह जीत कर गरीबों के लिए काम करना चाह रही है। दावा किया कि धनबाद लोकसभा सीट से सबसे अधिक मतों से विजयी बनेंगीं। उन्होंने कहा कि अब लोगों का रुझान किन्नर समाज की तरफ बढ़ रहा है। हमारे समाज में निःस्वार्थ भाव से सेवा किया जाता है। हमारे समाज में कोई भाई-भतीजा वाद नहीं है। हमारा जो भी है वह जजमान है। जिसकी खुशी में ही हमारी खुशी रहती है। सुनैना किन्नर ने बताया कि हमारा मार्गदर्शन अखिल भारतीय किन्नर समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर है और उन्हीं के सिद्धांतों पर मैं चलता हूं। सुनैना ने बताया कि वो आज जो कुछ भी मुकाम हासिल की है इसके पीछे उनकी गुरु छम छम देवी किन्नर की देन है। आज हमारे बीच ऐसे-ऐसे लोग आते है जिन्हें यह पता नहीं होता है कि सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं आई है और उसका लाभ कैसे मिलेगा। कहा कि वह किसी पार्टी के टिकट पर नहीं, बल्कि हमारा टिकट हमारा जजमान देगा। वही टिकट लेकर मैं लोकसभा जाऊंगी।

# उत्पाद पुलिस के खिलाफ बदसलूकी करने और उत्पात मचाने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह में छापामारी करने पहुंची उत्पाद पुलिस की टीम के साथ ग्रामीणों ने धक्का मुक्की और शराब छीन जिले जाने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापामारी कर रही है। हालांकि मामले में नामजद आरोपी फरार बताये जा रहे हैं। दूसरी ओर, उत्पाद पुलिस द्वारा कांड अंकित होने से नाराजगी के बाद दुकानदार शोकिल यादव की पत्नी बरती देवी व ग्रामीणों ने उत्पाद पुलिस पर घर में घुस कर उत्पात मचाने व महिलाओं पर बुरी नियत से देखने का हस्ताक्षरयुक्त लिखित शिकायत धनबाद एसएसपी सहित अन्य अधिकारी से की है। पत्र में बताया गया कि गत बुधवार की शाम बाघमारा उत्पाद पुलिस के 7-8 जवान अचानक दिव्यांग शोकिल यादव के आवास में घुस आए और उत्पात मचाने लगे। उस समय दिव्यांग की पत्नी अर्धनग्न अवस्था मे पूजा कर रही थी। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मधुबन पुलिस उक्त स्थल पहुंच कर मामला को शांत कराया। पत्र में कहा गया कि उत्पाद पुलिस द्वारा दिव्यांग सहित ग्रामीणों पर झूठा आरोप लगा कर थाना में कांड अंकित कराया है। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। गौरतलब हो कि बाघमारा उत्पाद पुलिस ने गुप्त सूचना पर सिनीडीह के एक दुकान व आवास में छापामारी कर शराब जब्त की थी। जिसके बाद उत्पाद पुलिस व ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया ।। इससके बाद बाघमारा उत्पाद सअनि जॉय हेम्ब्रम की लिखित शिकायत पर सिनीडीह के विजय साव, संजय रवानी व शकिल यादव सहित 10 अन्य अज्ञात के विरुद्ध शराब छिनने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शिजर लिस्ट फाड़ने ,गाली गलौज व बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए मधुबन थाना में कांड अंकित कराया था।

# जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन लिये लोगों की शुरू हुई जांच, विभाग करेगा कानूनी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन लिए लोगों की खैर नहीं है। विभाग द्वारा अभी तक 9 वार्डों में सर्वे की गई है, जिसमें से 100 घरों में पानी का अवैध कनेक्शन पाया गया। जिन्हें नोटिस दी गई है। विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने कहा कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 6 तक और वार्ड संख्या 14, 15 व 16 में विभाग की टीम जाकर पेयजलापूर्ति का अवैध कनेक्शन लिए घरों में जांच की। इस दौरान करीब 100 घरों में जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन पाया गया। उन्होंने कहा कि इन वार्डों में अवैध कनेक्शन लिए लोगों को नोटिस कर एक सप्ताह के अंदर नगर परिषद कार्यालय में पानी कनेक्शन को वैध कराने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### नाराजगी: मुआवजा व सरकारी नियोजन की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

# केसी गर्ल्स स्कूल के प्रवेश द्वार का छज्जा गिरने से छात्र की मौत

20 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े परिजन-ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनसार।** झरिया में केसी गर्ल्स स्कूल का छज्जा गिरने से एक छात्र के मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। वह शनिवार की दोपहर 1.30 बजे आठवीं बोर्ड परीक्षा देने केसी गर्ल्स स्कूल पहुंचा था, जहां हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार, झरिया के डीएवी मिडल स्कूल का छात्र प्रिंस कुमार पहली पाली की परीक्षा के बाद टिफिन खाकर दूसरी पाली की परीक्षा निर्धारित सेंटर केसी गर्ल्स स्कूल देने पहुंचा ही था। तभी अचानक स्कूल के प्रवेश द्वार का छज्जा उसके उपर ही गिर गया, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे झरिया के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एशियन जलान अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना को बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। परिजनों ने इस घटना के लिए शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन को जेम्मेदार ठहराया। वहीं, घटना से आक्रोशित लोगों ने स्कूल के समीप शव को रखकर 20 लाख रुपये मुआवजा एवं और सरकारी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। साथ ही स्कूल के समीप सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। उधर, लोगों के आक्रोश को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस के जवान स्कूल के आसपास मौजूद थे। केसी गर्ल्स स्कूल में परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकलवाया और उन्हें उनके घर भेजा। दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलते ही सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद रावत एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर महतो घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक छात्र के पिता प्रदीप साव से बातचीत कर समझने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण साव ने मृतक छात्र के पिता प्रदीप साव उपस्थित पदाधिकारी से कहा कि इस घटना के लिए शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन जेम्मेदार है, इसलिए 20 लाख एवं एक सरकारी नौकरी दिया जाए तभी सड़क जाम हटेगा। समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी था।

# कंधमाल संसदीय क्षेत्र के 10000 युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रारंभिक चरण में कंधमाल संसदीय क्षेत्र के 20 प्रखंडों के 10,000 बेरोजगार युवाओं को रोजगार पत्र प्राप्त हुए। डॉ अच्युत सामंत सांसद, कंधमाल और किट और किस के संस्थापक, ब्लॉक विकास अधिकारियों के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को रोजगार पत्र वितरित किये गये हैं। सामंत व्यक्तिगत रूप से कुछ स्थानों पर चयनित युवाओं को पत्र भी सौंपते हैं। इस संदर्भ में सांसद डॉ सामंत ने सभी उम्मीदवारों से उस कंपनी में शामिल होने का अनुरोध किया, जहां उन्हें अपने परिवार की खुशी के लिए और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए भर्ती किया गया था।

**ये सामूहिक नियुक्तियां :** 21 जनवरी को डॉ. द्वारा कंधमाल संसदीय क्षेत्र के युवाओं के लिए फूलबनी में आयोजित एक मेगा जॉब मेले का परिणाम हैं। डॉ सामंत ने किट डीम्ड यूनिवर्सिटी की मदद से और कंधमाल जिला प्रशासन के सहयोग से ये मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इस मेले में कंधमाल संसदीय क्षेत्र के 20 ब्लॉकों के 20,000 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया, जबकि ओड़िशा और भारत की 110 कंपनियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस रोजगार मेले के पहले चरण में एक ही दिन में 10,000 युवाओं को रोजगार पत्र दिये गये। इनमें से ओड़िशा की कंपनियों ने 3500 युवाओं को रोजगार दिया है।

अगले चरण में 3500 अन्य उम्मीदवारों को रोजगार पत्र दिये जायेंगे। मासिक वेतन 12000 से 35000 के बीच है। ऐसा कहा जाता है कि यह भारत में अपनी तरह का पहला आयोजन है जो ओडिशा के फूलबानी जैसे छोटे शहर में इतना बड़ा जॉब फेयर आयोजित करना, जिसमें इतनी सारी कंपनियां भाग लेंगी और एक ही दिन में इतने सारे युवाओं की भर्ती की जाएगी। इतनी सारी कंपनियों को इस मेगा जॉब मेले में लाने के लिए सांसद डॉ. सामंत ने छह महीने तक कड़ी मेहनत फल है।

वहीं, किसी भी सांसद के निजी प्रयास में इस तरह की पहल अनोखी है. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के ओडिशा के युवाओं को शिक्षित और रोजगार योग्य बनाने के लक्ष्य से प्रेरित होकर, कंधमाल के सांसद डॉ. सामंत जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। डॉ सामंत ने कहा कि यह कंधमाल के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यटन के विकास के संबंध में चुनाव के दौरान किये गये वादे को पूरा करने का उनका एक प्रयास है।

# सोआ लेक्स कॉन्सिलियम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जहां कानूनी शिक्षा के लिए छात्रों में रुचि बढ़ रही है, वहीं इसके रोजगार क्षेत्र का दायरा भी बढ़ रहा है। इसलिए शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के तत्वावधान में सोआ राष्ट्रीय विधि संस्थान (स्निल) और केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को रोजगार के क्षेत्र में कानून के छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए एक वार्षिक कानून सम्मेलन सोआ लेक्स कॉन्सिलियम का आयोजन किया गया। प्रो प्रदिप्त कुमार नंद कुलपति सोआ ने इस अवसर पर भाग लिया और छात्रों को स्निल नवीनतम राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग के अनुसार देश के 8वें सर्वश्रेष्ठ लॉ स्कूल के रूप में उल्लेख किया। कुलपति ने कहा कि सोआ अनुसंधान को अधिक महत्व दे रहा है और इसके 20 अनुसंधान केंद्र हैं।

इस कार्यक्रम में स्नील के डीन प्रोफेसर एसएके आजाद, सोआ छात्र मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास और निदेशक कॉर्पोरेट अफेयर्स रिप्ती रंजन दास ने वक्तव्य रखे। कार्यक्रम के पहले दौर में विकास कुमार वरिष्ठ निदेशक मोर ग्लोबल, प्रशांत पंडा प्रमुख कानूनी, अभिषेक सिंगला पार्टनर बर्गन लॉ, मानस्विनी मिश्र प्रमुख कॉर्पोरेट संचार फॉक्स मंडल एंड एसोसिएट्स और चैतन्य महाजन प्रबंध पार्टनर लेक्स सुप्रीम्स ने भाग लिया, जिन्होंने कानूनी प्रौद्योगिकी में उभरते रुझान विषय पर चर्चा की। उन्होंने कानूनी पेशे पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव के बारे में भी बात की और बताया कि कैसे कानून के छात्र इस बदलाव के अनुकूल हो रहे हैं और स्निल के छात्रों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में स्निल के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रबीर पटनायक और प्रोफेसर मधुसूदन दास उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री रिप्ती रंजन दास एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

## 1975 आपातकाल के राजनीतिक बंदियों को आर्थिक मदद एवं सुविधाएं दें : श्रीधर दास

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय लोकतंत्र सैनानी संघ के ओड़िशा के संयोजक श्रीधर दास ने 1975 आपातकाल के राजनीतिक बंदियों को आर्थिक मदद एवं अन्य सुविधाएं देने की मांग फिर से दोहरायी है। उन्होंने राज्य के बीजू जनता दल कोअपने पिछले घोषणापत्र पत्र की याद दिलायी, जब केवल मीसा बंदियों को सम्मान देने की बात कही गयी थी और सरकार ने इसे मधुबाबु पेन्शन योजना से जोड़ दिया था। इस पर सरकार की सभी स्तर पर बहुत आलोचना होने पर इसे वापस ले लिया गया। उन्होनें यह भी याद दिलाया कि मीसा एक्ट में बडे बडे नेता जैसे बीजू पटनायक, हरेक्रिष्न महताब और अन्य को गिरफ्तार किया गया था। इनकी गिरफ्तारी से आक्रोशित होकर अनेक लोगों ने एवं छात्रों ने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया एवं डी आइआर, डीआइएसआर जैसी धाराओं में अपनी गिरफ्तारी दी। आज भारत के अनेक राज्य इन सभी सैनानियों को आर्थिक सम्मान एवं अन्य सुविधायें प्रदान कर रहे है। ओड़िशा में भी इसी प्रकार की सारी सुविधायें और सम्मान देने फिर से मांग दोहरायी गयी है।

# बीजीयू ने डिजिटल शिक्षा और भारत के विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2047 का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बिरला ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर और कंसोर्टियम फॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन (सीइसी) नयी दिल्ली इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर यूजीसी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ट्रांसफॉर्मिंग इंडियाः द सिग्निफिकेन्स ऑफ डिजिटल एजुकेशन इन एकम्प्लिशिंग डेवलप्ड इंडिया 2047 शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

सीइसी निदेशक प्रो जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए और इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीजीयू के कुलपति प्रो पीपी माथुर, बीजीयू के कुलसचिव प्रो बीके दास उपस्थित थे।

सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में डिजिटल शिक्षा की भूमिका पर एक प्रस्तुति दी।वक्ताओं जो अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने 6 सत्रों के माध्यम से संगोष्ठी के विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान रंजन मिश्र ने किया।

# दो नयी परियोजनाओं की रेल मंत्री ने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ओडिशा के लिए नयी लाइन परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की, जिनकी जनता लंबे समय से मांग कर रही थी।

दीघा-जलेश्वर (चंदनेश्वर-जलेश्वर) नयी लाइन परियोजना (42 किमी) फास्ट ट्रैक निर्माण किया जायेगी। इस कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि नये क्षेत्र मुख्यधारा से जुड़ेंगे।

जलेश्वर-चंदनेश्वर लाइन बालेश्वर जिले के प्रसिद्ध शैवपीठों को जलेश्वर स्टेशन जैसे चंदनेश्वर मंदिर, भूषेढेश्वर मंदिर आदि से जोड़ेगी।

नरसिंहपुर- कंटीलो- खंडपड़ा के माध्यम से अंगुल और नयागढ़ टाउन के बीच नई लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) और खुर्दा टाउन और काईपदर रोड (120 किमी) के बीच एक कॉर्ड लाइन को मंजूरी दे दी गयी है।

**माल ढुलाई - कोयला, बिजली संयंत्र और बंदरगाह कनेक्टिविटी :** प्रस्तावित नयी लाइन नयागढ़ टाउन स्टेशन पर चल रही खुर्दा - बलांगीर लाइन के साथ मिल जायेगी और खुर्दा टाउन स्टेशन से खुर्दा रोड विजयनगरम मुख्य लाइन में काईपदर रोड स्टेशन तक जायेगी।

HONORARY Ph.D AWARDED
(HONORIS CAUSA)



By the Order of the Senate Chairman **Social Awareness And Peace University** (An Auonomous University) Florida USA.Mr Vinay Kumar Verma S/o Late Kailash Prasad Verma And Late Premlata Verma.Address - Indira Garden 4 A B Block,Near Shakti Mandir Chesire Home Road,Baraitu ,Ranchi-834009(Jharkhand) Ph.d Registration No. SAPU/24/8875,Membership No. RCT/3038,Date 28th February 2024 at Jaipur, India. Awarded the Doctorate of Philosophy.In The Specialised area of **Role of Newspaper in Democracy & Literature And Social Services.**

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# हार्वर्ड इंडिया ट्रेक ने किट और किस का दौरा किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हार्वर्ड इंडिया ट्रेक पहल के तहत किट और किस विश्वविद्यालयों का दौरा करने वाले 40 सदस्यीय दल ने सप्ताह भर विभिन्न परिसरों का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत करने के बाद शनिवार को अपनी यात्रा समाप्त की। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने एक विशेष कार्यक्रम में सवी सदस्य को मन पत्र के साथ सम्मानित किया। इस समूह में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान छात्र शामिल थे। दौरा करने वाले हार्वर्ड के पूर्व छात्रों में राजनेता, नीति निर्माता, व्यवसायी, शिक्षक, वकील और विकास कार्यकर्ता शामिल थे। उनकी यात्रा के मुख्य लक्ष्यों में से एक भारत, विशेष रूप से ओडिशा की कला, संस्कृति, विरासत और सामाजिक पहलुओं का पता लगाना था। वे ओडिशा की कला, संस्कृति और परंपराओं से अभिभूत थे और संबलपुरी कुर्ते पहन कर इसका प्रदर्शन किया। उन्होंने किट और किस को दुनिया के अद्वितीय संस्थानों के रूप में भी वर्णित किया और किट और किस को आज जैसा बनाने के लिए डॉ अच्युत सामंत के समर्पण की सराहना की। शुक्रवार को वे उनके आवास पर गए और उनकी सरल जीवनशैली के बारे में जाना।

किट और किस की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने किट के विभिन्न विभागों और किस की विभिन्न इकाइयों का दौरा किया और दोनों संस्थानों के छात्रों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। टीम ने किट सेंट्रल लाइब्रेरी का भी दौरा किया और समृद्ध संग्रह पर खुशी व्यक्त की।

# वेदांता ने दोहरायी सुरक्षा में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के मौके पर सुरक्षा में उत्कृष्टता हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है। कंपनी के प्रचालन मूल्यों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने का दृष्टिकोण गहरे समाया है और इस दृष्टिकोण का विस्तार कंपनी के संयंत्रों के भीतर से लेकर आसपास मौजूद समुदायों तक है। सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर वेदांता एल्यूमिनियम ने सुरक्षा विधियों के प्रदर्शन, व्यापक प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएं और सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये।

वेदांता एल्यूमिनियम अपनी सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में निरंतर वृद्धि करते हुए एक सुरक्षित कार्यस्थल एवं समुदाय बनाने के लिए समर्पित है। इस सर्वव्यापी दृष्टिकोण में अत्याधुनिक तकनीकों के एकीकरण, प्रक्रियाओं में सुधार, सक्रियता से खामियों की पहचान व उनकी संभाल तथा व्यवहार आधारित सुरक्षा कार्यक्रमों पर दृढ़ता से ध्यान देना शामिल है। इन सब ने मिल कर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की इस वर्ष की थीम इएसजी उत्कृष्टता हेतु सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान की शानदार प्रस्तुति दी।

इस मौके पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम में सुरक्षा एक बुनियादी मूल्य है, जो हमारे प्रचालनों के प्रत्येक पहलू में मौजूद है। सभी संगठनात्मक स्तरों पर सुरक्षा को तरजीह दी जाती है और कर्मचारियों को सुरक्षित करने से लेकर इसका विस्तार समुदायों को सुरक्षित बनाने तक किया जाता है। हमारे प्रचालनों में अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों का उपयोग करते हुए सुरक्षा-प्रथम के अभ्यास को निरंतर पुख्ता किया जाता है।

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !



आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में



Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# एनटीपीसी ने 400 बीयू उत्पादन का आंकड़ा पार किया

- वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त उत्पादन से अधिक हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 13 मार्च 2024 को 400 बिलियन यूनिट (बीयू) उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी ने 399.3 बीयू बिजली पैदा की थी। 13 मार्च 2023-24 तक, एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने 77.06% का प्लांट लोडिंग फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया। इससे पहले वर्ष के दौरान, कंपनी ने 1 सितंबर 2023 को 1428 एमयू का एक दिन का उच्चतम उत्पादन दर्ज किया था।

एनटीपीसी इकाइयों का शानदार प्रदर्शन एनटीपीसी इंजीनियरों, संचालन और रखरखाव प्रथाओं और प्रणालियों की विशेषज्ञता का प्रमाण है। इसके अलावा यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, जहां एनटीपीसी की स्थापित क्षमता 75.4 गीगावाट है। वहीं 5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा सहित 18 गीगावाट क्षमता निमार्णाधीन है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बिजली उत्पादन के साथ-साथ, एनटीपीसी ने ई-मोबिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान सहित विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली वितरण के लिए बोली में भाग लिया है।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान देती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908

Alpha Institute of Computer Education



Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**